नई दिल्ली
सोमवार, 10 जून 2024
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 28, अंक : 60
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 45
न्यून. 33

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



09 टेनिस : पाओलिनी-इरानी की जोड़ी को 7-6, 6-3 से हराया

RESULT: JEE ADV. 2024

HISTORIC HAT-TRICK IN 2024
AIR 1 JEE Main | AIR 1 NEET (UG) | AIR 1 JEE Adv.

ALLEN JEE (Adv.) 2024 Results Certified by EY Building a better working world

ALLEN THE #1 CHOICE FOR INDIA'S CHAMPIONS!

Ved Lahoti Classroom Course
AIR 1
HIGHEST SCORE EVER
355/360
98.61%



AIR 4 Rhythm Kedia Classroom Course
AIR 6 Rajdeep Mishra Classroom Course
AIR 7 Dwija Patel Classroom Course — ALL INDIA GIRL TOPPER

45 Students in top 100 All India Rank
ALL FROM CLASSROOM COURSE

AIR 12 Raghav Sharma Classroom Course
AIR 15 Shawn Thomas Koshy Classroom Course
AIR 16 Bismit Sahoo Classroom Course
AIR 21 Shaurya Agrawal Classroom Course
AIR 22 Namish Bansal Classroom Course
AIR 23 Ansh Garg Classroom Course
AIR 26 Nitanshu Nitin Bhutada Classroom Course
AIR 28 Shekhar Jha Classroom Course
AIR 29 Muhammed Sufiyan Classroom Course
AIR 30 Sagar V Classroom Course
AIR 31 Ishaan Gupta Classroom Course
AIR 35 Rishit Aggarwal Classroom Course
AIR 36 Videep R. Jalapally Classroom Course
AIR 37 Anshul Goyal Classroom Course
AIR 38 Akshar Zala Classroom Course
AIR 40 Arnav Baranwal Classroom Course
AIR 44 Aadeshveer Singh Classroom Course
AIR 49 Avadh Hindocha Classroom Course
AIR 52 Sushant Padha Classroom Course
AIR 57 Aaditya Kumar Classroom Course
AIR 58 Dakshesh Mishra Classroom Course
AIR 60 Saksham Khandelwal Classroom Course
AIR 61 Advait Gupta Classroom Course
AIR 65 Akash Tiwari Classroom Course
AIR 66 Mrigank Goel Classroom Course
AIR 69 Avik Das Online Live Classroom
AIR 73 Raghav Chandak Classroom Course
AIR 74 Himanshu Classroom Course
AIR 75 Manya Jain Classroom Course
AIR 77 Mohd Emaad Arif Classroom Course
AIR 79 Reyansh Shinde Classroom Course
AIR 80 Abhinav P J Classroom Course
AIR 81 Harshal Kanani Classroom Course
AIR 85 Bibaswan Biswas Classroom Course
AIR 86 Bhagyansh Sahu Classroom Course
AIR 87 Devansh Gattani Classroom Course
AIR 89 Jaiveer Singh Classroom Course
AIR 91 Amar Sinha Classroom Course
AIR 94 Nilkrishna Classroom Course
AIR 96 Aniket Kumar Classroom Course
AIR 99 Tanay Chetan Kakliya Classroom Course

And many more students!

Watch inspiring stories of our champions

As per results compiled till 9th June 2024 (3:45 PM)

ADMISSIONS OPEN (AT DELHI CENTER)
NEET (UG) | JEE (Main+Adv.) | Olympiads | Class 8 to 12 & 12 Pass
GET UP TO 90% SCHOLARSHIP
Based on NEET (UG) Score & JEE Rank 2024 or appear in ASAT
Scan to Register

Class 11 - Nurture Course (Target-2026)
Batches starting from
JEE (Main+Adv.) / NEET (UG): 11 June

12 Pass/Ex ALLEN Students Leader Course (Target-2025) Batches starting from
JEE (Main+Adv.): 15 June
NEET (UG): 11 June
Scan to Register

For more details on upcoming batches & dates, visit allen.ac.in

TALLENTEX 2025
Register now & avail early registration fee benefit, visit tallentex.com

Scholarship based on 10th & 12th Board Marks for details visit allen.ac.in
ALLEN DELHI CENTER 95136 85900 | allen.ac.in/delhi
ALLEN KOTA CENTER 0744-3556677, 2757575 www.allen.ac.in

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. EY has examined and validated ALLEN's method for identifying eligible students who have enrolled in their paid programs.

# ALLEN ONLINE PROGRAMS

## JEE (ADV.) 2024 RESULTS

## सिर्फ आसमान नहीं, उसका लक्ष्य तो तारों तक पहुंचना है...

### मिलिए हमारे JEE चैंपियन, अविक दास से।

पश्चिम बंगाल के एक छोटे से शहर अलीपुरद्वार के अविक का एस्ट्रोफिजिक्स के प्रति लगाव उनके दादा से प्रेरित होकर शुरु हुआ। उन्होनें अविक में विज्ञान के प्रति जुनून पैदा किया।

अविक को मालूम था कि एस्ट्रोफिज़िसिस्ट बनने के लिए JEE में श्रेष्ठ प्रदर्शन करना जरूरी है।

अविक ने ALLEN Online Programs से जुड़कर घर पर JEE की तैयारी के साथ NEET की तैयारी भी प्रारंभ की। जल्द ही उसे लगने लगा कि लाइव क्लासेज, टीचर्स का मार्गदर्शन और ALLEN App पर स्टडी टूल्स उसे उसके सपनों के करीब ले जा रहे हैं।

ये प्रसन्नता की बात है कि उन्होनें NEET (UG) 2024 में 720 में से 705 अंक प्राप्त करने के साथ वेस्ट बंगाल स्टेट बोर्ड में 99.2 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप किया है।

हमें गर्व है कि अविक ALLEN परिवार का सदस्य है।




Scan the QR code to watch Avik Das talk about his incredibly inspirational journey.

**AVIK DAS**
Live Online ClassroomProgram

JEE ADV. 2024 **AIR 69** | NEET(UG) 2024 **705/720**

## ALLEN ONLINE के छात्र घर से पढ़ाई करते हुए टॉप IITs में दाखिला पा रहे हैं!

ALLEN JEE ADV.2024 Results Certified by
Official result validator EY Building a better working world


**14 Students in top 500 AIR**


AIR 139
Pranav Pramod Patil
Online Test Series


AIR 161
Mayukh Chowdhury
Live Online Classroom Program


AIR 163
Garv Chaudha
Live Online Classroom Program

And Counting...




### Give your prep the ALLEN App Advantage

- Interactive LIVE classes with top Kota faculty
- Customised practice quizzes
- 24/7 doubt resolution
- Personalised improvement plan
- Regular mentorship and guidance

1 in every 2 ALLEN app students qualified for JEE (Adv) '24

### Online Test Series with Smart Practice Features

- AIR benchmarking
- Follow the latest exam pattern & syllabus
- Curated 5,000+ practice questions
- Personalised study tools on the ALLEN app

Starting at ₹3,999

**ALLEN**
+91-9513736499
www.allen.in

Join Online Programs for **JEE & NEET Repeaters.**
Batches starting from June 17
Get up to 90% scholarship based on your JEE & NEET score

Hurry! Admissions open. Scan code to enrol.

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. EY has examined and validated ALLEN's method for identifying eligible students who have enrolled in their paid programs.

नई दिल्ली
सोमवार, 10 जून 2024
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष, चतुर्थी वर्ष : 28, अंक : 60
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 45
न्यून. 33

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com




दिल्ली में 2014, 2019 2024 के लोकसभा चुनाव में सभी सातों सीटों पर खिला है कमल

विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को मात नहीं दे पा रही है भाजपा

पिछली सरकार में डॉ. हर्षवर्धन और मीनाक्षी लेखी थी मंत्री

## मोदी के टॉप 5 मंत्री


राजनाथ सिंह


अमित शाह


नितिन गडकरी


जेपी नड्डा


शिवराज सिंह चौहान

*नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेकर इतिहास रचा, वे पं. जवाहरलाल नेहरु के बाद ऐसे 'दूसरे नेता', हालांकि, ये मोदी का नया युग है क्योंकि इसमें सहयोगी दल भी 'ताकतवर हैसियत' के साथ शामिल हैं*

### शपथ समारोह के दौरान राष्ट्रपति भवन के ऊपर "नो फ्लाइंग ज़ोन" था

# न हारे थे, न हारे हैं, चल पड़ी मोदी सरकार

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

समाज का हर तबका मौजूद था। आम से लेकर खास। नेता से अभिनेता तक। शाहरुख खान से लेकर अनुराधा पौडवाल तक। मुकेश अंबानी से लेकर आनंद महिंद्रा तक। साधू, धर्माचार्यों से लेकर ब्रह्मा कुमारी की ध्यान देवियाँ तक। देश के सभी दिशाओं से लोगों का हुजूम जैसे राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में उमड़ पड़ा हो। मौका विशेष था। मौका ऐतिहासिक था।

विदेशी मेहमानों को न्यौता गया तो किन्नर समाज को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ के रहे थे। उपस्थित लोग भारत माता के जयकारे लगा रहे थे। अद्भुत दृश्य था। हज़ारों लोगों की भीड़ में खुले आसमान के नीचे नरेंद्र मोदी समेत छः दर्जन मंत्रियों ने शपथ ली। जमीन से आसमान तक कडा पहरा था। कार्यक्रम अवधि तक राष्ट्रपति भवन के ऊपर "नो फ्लाइंग ज़ोन" था। तकरीबन तीन घंटे तक चले शपथ ग्रहण कार्यक्रम की बुनावट कुछ इस तरह की गई थी कि सभी गेस्ट घंटे भर पहले आ गए। सवा सात बजे शुरू होने वाले शपथ ग्रहण कार्यक्रम में जाने के लिए राष्ट्रपति भवन के सभी दरवाजे साढ़े छः बजे बन्द कर दिये गए। उसके बाद पहुंचे पास धारी गेस्ट को भी जाने की इजाजत नहीं दी गई।

केवल कार्यक्रम के लिए ही नहीं, सरकार चलाने का भी इशारा स्पष्ट रूप से पीएम मोदी ने दे दिया। भाजपानीत राजग गठबंधन के चुनाव के दौरान किये गए सभी वायदों को लागू किया जायेगा। पूर्व निर्धारित सभी योजनाओं को कियांवित किया जायेगा। पीएम मोदी की मेज पर "वन नेशन, वन इलेक्शन" की फाइल रखी है। ऐसी छः योजनाएं हैं जिन्हें मूर्त रूप दिया जाना है। सब दिया जायेगा। गठबंधन की सरकार चलाते हुए नरेंद्र मोदी किसी दबाव में आयेंगे, इसकी संभावना शून्य है। दबाव साथी दलों की ओर से चार और पांच कैबिनेट मंत्री बनाये जाने का था। सभी साथी दलों को 1-2 मंत्री का कोटा देकर निपटा दिया गया। जंबोजेट मंत्रिमंडल में 60 मंत्री भाजपा के बनाये गए। पीएम को मिला दिया जाए तो संख्या 61 तक पहुंचती है। साथी दलों को 11 मंत्री पद मिले।

नरेंद्र मोदी के हावभाव, बॉडी लैंगुएज सब रिलैक्स दिख रहा था। मंच के सामने की कुर्सी पर बैठे जदयू अध्यक्ष और बिहार के सीएम नितीश कुमार संजय झा के साथ सुकून में गपियाते दिखे। आंध्र के सीएम टीडीपी अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू विदेशी मेहमानों के साथ मशगूल थे। पवन कल्याण के दल से तीन सांसद चुनकर आये। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से एक सांसद जीता। मौका किसी को नहीं मिला। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से प्रफुल पटेल को मंत्री बनाये जाने की बात आई तो महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजीत पवार ने मना कर दिया। लेकिन हारे हुए युवा नेता रवनीत सिंह बिट्टू को राज्यमंत्री बना कर पीएम मोदी ने पंजाब की बिसात पर नये सिरे से मोहरे सजा दिये हैं।

बिट्टू कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आये, लुधियाना से हार गए। कौन हारा, कौन जीता, यूपी हारे या महाराष्ट्र हारे, पश्चिम बंगाल में जादू चला या नहीं, इन सब सवालों से इतर पीएम मोदी ने शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन भव्य तरीके से कर, अपने हिसाब से मंत्रिमंडल का गठन कर मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की दिशा तय कर दी है।

## स्मृति 2014 की कहानी नहीं दोहरा पाई अनुराग के चुनाव जीतने के बाद भी खाली हाथ

## मोदी सरकार 2.0 में मंत्री रहे कई चेहरे अबकी बार नहीं आएंगे मंत्रिमंडल में नजर

### नड्डा मंत्री बने तो हिमाचल प्रदेश कोटे से कटा अनुराग का पत्ता

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** मोदी सरकार 2.0 में शामिल रहे कई मंत्री इस बार कैबिनेट में नहीं दिखेंगे। इनमें से कुछ चुनाव हार गये हैं, कुछ का टिकट काट दिया गया था और कुछ चुनाव जीतने के बाद भी राजनैतिक समीकरणों या प्रफोर्मेंस में कमी के चलते इस बार लिस्ट में अपना नाम दर्ज नहीं करा पाये। अनुराग ठाकुर को चुनाव जीतने के बावजूद मौका नहीं मिला है। यह चौंकान्ने वाला घटनाक्रम है। पिछली सरकार में सूचना एवं प्रसारण मंत्री रहे ठाकुर का बड़ा रसूख था। नारायण राणे और अजय भट्ट को भी चुनाव जीतने के बाद मौका नहीं दिया गया है। मोदी कैबिनेट का 2014 से ही प्रमुख चेहरा रही स्मृति ईरानी के हाथ इस बार मायूसी लगी है। वे हाल ही में अमेठी में हारी हैं। कयास लगाये जा रहे थे कि वे मंत्री बन सकती हैं पर वे 2014 की कहानी दोहरा नहीं पायी। स्मृति के अलावा साध्वी निरंजन, आर के सिंह, अर्जुन मुंडा, राजीव चंद्रशेखर, निशीथ प्रमाणिक, अजय मिश्र टेनी, सुभाष सरकार, भारती पंवार, राव साहेब दानवे और



कपिल पाटिल भी चुनाव में पराजित होने की वजह से मंत्री बनने की दौड़ से बाहर हो गये। टिकट नहीं मिल पाने की वजह से मीनाक्षी लेखी, राजकुमार रंजन सिंह, जनरल वीके सिंह, जॉन बारला और अश्विनी चौबे लोकसभा चुनाव नहीं लड़ पाये थे। इसलिए ये भी मंत्री नहीं बन पाये। अनुराग ठाकुर के लिए इस बार मंत्रिमंडल में जगह नहीं बन पायी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को हिमाचल कोटे से मंत्री बनाया गया है। लिहाजा चुनाव जीतने के बाद भी ठाकुर मंत्रियों की सूची में स्थान नहीं बना पाये। भाजपा की राष्ट्रीय राजनीति में तेजी से उभरे अनुराग के लिए यह बड़ा झटका है। कहा यह भी जा रहा है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान अपने विवादित बयान की वजह से वे मंत्री नहीं बन पाये। अबकी बार भाजपा पूर्ण बहुमत नहीं ला पायी और एनडीए में शामिल दलों को अपनी क्षेत्रीय राजनीति के चलते अनुराग ठाकुर से आपत्ति थी। हालांकि भाजपा से जुड़े सूत्रों का कहना है कि एनडीए घटक दलों को मंत्रिमंडल में जगह देने के चलते सीटों के नजरिये से हिमाचल जैसे छोटे राज्य से दो कैबिनेट मंत्री बनाये जाने संभव नहीं थे। नड्डा के मंत्रिमंडल में आने के चलते अनुराग इस बार खाली हाथ रह गये। नारायण राणे महाराष्ट्र के बडे नेता हैं। इस बार राज्य में पार्टी का प्रदर्शन कमजोर रहा है। साथ ही एकनाथ शिंदे की शिवसेना को भी मंत्रीमंडल में जगह देनी थी। लिहाजा राणे भी मंत्री नहीं बन पाये।

### मल्होत्रा को राज्यमंत्री बनाया, दिल्ली से कोई कैबिनेट मंत्री नहीं

## मंत्रिमंडल में कम हुई दिल्ली की हिस्सेदारी फरवरी में यहां केजरीवाल से टक्कर

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

मोदी मंत्रिमंडल में इस बार दिल्ली की हिस्सेदारी घट गई है। दिल्ली में अगले साल फरवरी में विधानसभा चुनाव है। ऐसे में माना जा रहा था कि दिल्ली से कम से कम दो सांसदों को मंत्री बनने का मौका मिलेगा लेकिन सिर्फ एक राज्यमंत्री पद ही दिल्ली को मिल पाया है। सरकार चाहे एनडीए की रही हो या यूपीए की दिल्ली के खाते में एक कैबिनेट मंत्री आता ही रहा है। पिछली मोदी सरकार में डॉ हर्षवर्धन कैबिनेट और मीनाक्षी लेखी राज्यमंत्री थी। खास बात ये है कि 2014 से ही दिल्ली में सभी सात सीटों पर भगवा लहराता रहा है। दिल्ली पूर्व सीट से पहली बार सांसद बने हर्ष मल्होत्रा को राज्यमंत्री बनाया गया है। आप कांग्रेस गठबंधन के बावजूद कन्हैया कुमार को हरा कर अपना कद बढाने वाले मनोज तिवारी को उम्मीद थी कि उनको मंत्रिमंडल में मौका मिलेगा लेकिन कयास सही साबित नहीं हो पाये। तिवारी लगातार तीसरी बार सांसद बने हैं और वे पिछली बार चुने गये ⏩ शेष पेज 5 पर

### मोदी 3.0 मंत्रिमंडल

**प्रधानमंत्री-नरेंद्र मोदी**

**कैबिनेट मंत्री**
राजनाथ सिंह
अमित शाह
नितिन गडकरी
जेपी नड्डा
शिवराज सिंह चौहान
निर्मला सीतारमण
एस जयशंकर
मनोहर लाल
एच डी कुमारस्वामी
पीयूष गोयल
धर्मेंद्र प्रधान
जीतनराम मांझी
राजीव रंजन ललन सिंह
सर्बानंद सोनोवाल
डा. वीरेंद्र कुमार
राम मोहन नायडू
प्रह्लाद जोशी
जुएल ओरांव
गिरिराज सिंह
अश्विनी वैष्णव
ज्योतिरादित्य सिंधिया
भूपेंद्र यादव
गजेंद्र सिंह शेखावत
अन्नपूर्णा देवी
किरेन रिजिजू
हरदीप सिंह पूरी
मनसुख मांडविया
जी किशन रेड्डी
चिराग पासवान
सी आर पाटिल

**राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार**
इंद्रजीत सिंह
डॉ जितेंद्र सिंह
अर्जुन राम मेघवाल
प्रतापराव जाधव
जयंत चौधरी

**राज्य मंत्री**
जितिन प्रसाद
श्रीपद यशो नाइक
पंकज चौधरी
कृष्णपाल गुर्जर
रामदास अठावले
रामनाथ ठाकुर
नित्यानंद राय
अनुप्रिया पटेल
वी सोमन्ना
चंद्रशेखर पेम्मासानी
एस पी सिंह बघेल
शोभा करांदलाजे
कीर्तिवर्धन सिंह
बीएल वर्मा
शांतनु ठाकुर
सुरेश गोपी
डॉ एल मुरुगन
अजय टम्टा
बंडी संजय कुमार
कमलेश पासवान
भागीरथ चौधरी
सतीश चंद दूबे
संजय सेठ
रवनीत सिंह बिट्टू
दुर्गादास उड़के
रक्षा खडसे
सुकांता मजूमदार
सावित्री ठाकुर
तोखन साहू
राजभूषण चौधरी
नारायणा नायकर
हर्ष मल्होत्रा
नीमूबेन बमभानिया
मुरलीधर मोहोल
जॉर्ज कुरियन
पबित्रा मार्गरिटा

### मुख्यमंत्री पद से हटाये गए मनोहर पर पीएम का भरोसा

## *हरियाणा में विधानसभा चुनाव सिर पर मोदी ने 5 सांसदों में से 3 बनाए मंत्री*

आनंद राणा ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में बनी एनडीए सरकार में हरियाणा से एक कैबिनेट और एक राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा एक राज्यमंत्री बनाये गये हैं। सिंतबर-अक्टूबर में राज्य में विधानसभा चुनाव होने हैं लिहाजा क्षेत्रीय और जातीय समीकरणों को साधने के लिए मंत्रिमंडल में हरियाणा की हिस्सेदारी बढ़ाई गई है। हरियाणा में भाजपा के 5 सांसद चुने गये हैं इनमें से मनोहर लाल कैबिनेट मंत्री , राव इंद्रजीत राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और कृष्णपाल गुर्जर राज्यमंत्री को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है।

मनोहर पहली बार लोकसभा पहुंचे हैं और कैबिनेट मंत्री के तौर पर उनको मौका मिला है। इससे पहले वे 2014 में पहली बार हरियाणा विधानसभा के लिए चुने गये थे और मुख्यमंत्री बनने में सफल रहे थे। लोकसभा चुनाव से पहले यकायक उनको हरियाणा के मुख्यमंत्री पद से हटाया गया तो इससे उनके लिए बड़ा झटका माना गया था। एकदम से उनको करनाल से लोकसभा का टिकट दिया गया। चुनाव जीते और अब बतौर कैबिनेट मंत्री शपथ ले ली है। जाहिर है पीएम मोदी का उन पर विश्वास कायम है। यह पहली बार है जब प्रधानमंत्री मोदी की कैबिनेट में हरियाणा से किसी सांसद को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। इससे पहले राव इंद्रजीत, कृष्णपाल गुर्जर और दिवंगत रतन लाल कटारिया राज्य मंत्री के तौर पर मंत्रिमंडल का हिस्सा रहे हैं।

मनोहर लाल पंजाबी समुदाय से आते हैं। इसके साथ ही वे हरियाणा भाजपा में फिलहाल सबसे बड़ा चेहरा भी हैं। करीब साढ़े नौ साल वे हरियाणा के मुख्यमंत्री भी रहे हैं। प्रधानमंत्री कई मौकों पर उन्हें अपना करीबी बता चुके हैं। देखने वाली बात यह होगी कि भाजपा हाईकमान हरियाणा विधानसभा चुनाव में मनोहर लाल की क्या भूमिका तय करता है। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में मनोहर लाल प्रदेश भाजपा का सबसे बड़ा चेहरा थे और चुनाव की रणनीति से लेकर उम्मीदवारों के चयन में भी उनकी बड़ी भूमिका देखी गई थी। हालांकि बड़ा फैक्टर ये भी है कि भाजपा राज्य की दस लोकसभा सीटों में से 5 कांग्रेस के हाथों हार गई, जबकि 2019 के पिछले लोकसभा चुनाव में सभी सीटों पर कमल खिला था। हालांकि हाल ही में आये लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद भी मनोहर लाल पर प्रधानमंत्री का भरोसा बना हुआ है और यह उनको कैबिनेट मंत्री बनाये जाने से साबित भी हो गया है। राजनैतिक जानकारों का मानना है कि आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अब मनोहर लाल के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा हाईकमान ने डाल दी है। राज्य में पांच लोकसभा सीटें भाजपा से छीनकर अगला विधानसभा चुनाव जीतने का दावा कर रही कांग्रेस को रोकने में अब पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को अपना दमखम दिखाना होगा।

भाजपा को लोकसभा चुनाव के दौरान अहीर बैल्ट में खासा समर्थन मिला। दक्षिण हरियाणा की तीन लोकसभा सीटों गुडगांव, फरीदाबाद और भिवानी महेन्द्रगढ़ पर भाजपा को जीत दिलाने में यादव वोटबैंक की बड़ी भूमिका रही। अगर इसे विधानसभा चुनाव के नजरिये से देखें तो भाजपा इन तीनों लोकसभा सीटों के तहत आने वाली 27 विधानसभा सीटों पर बड़ी उम्मीद रख सकती है। यही वजह है कि गुडगांव सीट से लगातार तीसरी बार जीते राव इंद्रजीत और फरीदाबाद से तीसरी बार जीते कृष्णपाल गुर्जर को फिर से मंत्री बनाया गया है। राव व गुर्जर पीएम मोदी की दोनों सरकारों में राज्यमंत्री रहे हैं। फरीदाबाद लोकसभा सीट से तीसरी बार जीत हासिल करने वाले कृष्णपाल गुर्जर को लेकर कयास लग रहे थे कि शायद इस बार वे मंत्रिमंडल का हिस्सा न हो पर प्रधानमंत्री ने एक बार फिर उन पर अपना भरोसा जताया है। उनको मंत्री बनाकर गुर्जर समुदाय के अलावा ओबीसी वर्गों को साधने की कोशिश भाजपा ने की है। ⏩ शेष पेज 5 पर

पुलिस, सेना और अर्धसैनिक बलों की टीम भी मौके पर, शिवखोड़ी धार्मिक स्थल से दर्शन करके बस से लौट रहे थे यात्री

## बस पर घात लगाकर हमला 10 की मौत, 30 घायल, गोलाबारी के बाद बस खाई में जा गिरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के रियासी में शिवखोरी जा रही तीर्थयात्रियों की बस रविवार को खाई में गिर गई है। इस घटना में करीब 10 लोगों की मौत हो गई है। जबकि 30 से ज्यादा घायल हो गए। अधिकारियों ने शुरुआती रिपोर्टों में बताया कि शिवखोरी मंदिर जा रही तीर्थयात्रियों की बस पर पोनी इलाके के तेरयाथ गांव में आतंकी हमला हुआ। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस, सेना और अर्धसैनिक बलों की टीम भी मौके पर पहुंच गए। रात को लोगों का रेस्क्यू ऑपरेशन जारी रहा। मौके से कई गोलियां भी बरामद हो गई हैं। इसके मद्देनजर पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, शिवखोड़ी धार्मिक स्थल से दर्शन करके लौट रहे यात्रियों की बस पर आतंकियों ने घात लगाकर हमला बोला है। आतंकियों की



गोलीबारी के बाद ही बस दुर्घटना का शिकार हुई और खाई में जाकर गिर गई। इस हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई है। डीसी रियासी ने इस बात की पुष्टि कर दी है। हादसे का वीडियो सामने आया है और उसमें दिख रहा है कि बस सड़क से नीचे गहरी खाई में जा गिरी। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई है। जैसे ही बस घाटी में गिरी, यात्री बाहर छिटक गए और चट्टानों से टकरा गए। मृतकों में महिलाएं भी शामिल हैं।

### अखनूर में हुआ था हादसा

कुछ दिन पहले उत्तर प्रदेश के हाथरस से आ रही एक बस के अखनूर में गहरी खाई में गिरने से नौ महिलाओं और दो बच्चों समेत 22 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी और 57 घायल हो गए थे। वहीं, पिछले साल नवंबर में डोडा जिले में एक बस के पहाड़ से 300 फीट नीचे गिरकर दूसरी सड़क पर गिर जाने से 39 यात्रियों की मौत हो गई और 17 घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक, ड्राइवर समेत 56 यात्रियों को लेकर निजी बस 16 नवंबर को सुबह 8:20 बजे जम्मू के लिए पांच घंटे की यात्रा के लिए किश्तवाड़ से रवाना हुई। हालांकि, सुबह 11:50 बजे डोडा के असर इलाके में ड्राइवर ने बस से नियंत्रण खो दिया। यह दुर्घटना अनंतनाग जिले के खानबल को रामबन के बटोटे से जोड़ने वाले नेशनल हाईवे 244 पर अस्सार के ट्रुंगल में हुई।

### जेईई एडवांस-2024 का परिणाम हुआ जारी, दिल्ली जोन के वेद लाहोटी बने टॉपर

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) में मिलेगा दाखिला

## आईआईटी मद्रास ने 26 मई को दो पालियों में किया था परीक्षा का आयोजन, लाहोटी को 360 में से मिले 355 अंक

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) में दाखिले के लिए 26 मई 2024 को दो पालियों में हुई संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई एडवांस-2024) का परिणाम रविवार को आईआईटी मद्रास ने जारी किया।

इसमें दिल्ली जोन के वेद लाहोटी ने ओपन-कॉमन रैंक लिस्ट (सीआरएल) में 360 में से 355 अंक लाकर टॉप किया है। जबकि इसी जोन से परीक्षा में 346 अंक लाकर आदित्य दूसरे टॉपर बने हैं। वहीं, आईआईटी बॉम्बे जोन से परीक्षा में उत्तीर्ण हुई द्विजा धर्मेशकुमार पटेल महिला उम्मीदवारों में टॉपर हैं। उन्हें 360 में से 332 अंक मिले हैं। जेईई ⏩ शेष पेज 5 पर

### 7,964 महिला उम्मीदवारों ने पास की परीक्षा



आईआईटी मद्रास ने बताया कि वर्ष 2024 में जेईई एडवांस के पेपर 1 और 2 के लिए कुल 1 लाख 86 हजार 500 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन किया था। इनमें से कुल 1 लाख 80 हजार 200 उम्मीदवार दोनों परीक्षाओं में शामिल हुए। इनमें से 48 हजार 248 उम्मीदवार पास हुए हैं। परीक्षा पास करने वाले कुल उम्मीदवारों में 7 हजार 964 महिला उम्मीदवार भी शामिल हैं। जेईई परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद 10 जून से जाइंट सीट एलोकेशन अथोरिटी (जोसा) की काउंसलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन और चॉइस फिलिंग शुरू होगी। जिनमें पास होने वाले उम्मीदवारों को देश में मौजूद कुल 23 आईआईटी संस्थानों में दाखिला मिलेगा। जहां वर्तमान में करीब 17 हजार 385 सीटें हैं। जेईई एडवांस ⏩ शेष पेज 5 पर

### कभी घड़ी नहीं देखी, सोशल मीडिया से बनाई दूरी: वेद लाहोटी

जेईई एडवांस परीक्षा के टॉपर वेद लाहोटी ने कहा कि मैंने पढ़ाई के दौरान कभी घड़ी नहीं देखी, गुणात्मक अध्ययन पर अधिक ध्यान केंद्रित किया। साथ ही मैंने खुद को सोशल मीडिया से दूर रखा। क्योंकि यह समय की बर्बादी है। मैं केवल इतना ही कहना चाहता हूं कि उम्मीदवारों को अपने परिवारों के संपर्क में रहना चाहिए और अपने शिक्षकों की मदद लेनी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### डीडीए का आमंत्रण सबके लिए, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बढ़ाए अपना कौशल

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) गर्मियों की इन छुट्टियों में छोटे और बडे सबको अपनी प्रतिभा निखारने के लिए लोगों को आमंत्रित कर रहा है। डीडीए लोगों को ज्वाइन द फन एट डीडीए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स नियर यू के तहत अपने स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में विभिन्न खेल कूद के लिए बुला रहा है। लोगों को आकर्षित करने के लिए डीडीए ने लिए कई प्रकार की छूट की भी घोषणा की थी। इस बारे में डीडीए के एक अधिकारी ने बताया कि इन गर्मियों की छुट्टियों में आप स्वयं व अपने बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के लिए प्राधिकरण के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में लेकर आए। यहां आकर बेहतरीन, सुलभ व सुरक्षित वातावरण में शारीरिक व मानसिक विकास बढ़ाने का लाभ उठाए। अधिकारी ने बताया कि प्राधिकरण का कहना है कि ज्वाइन द फन एट डीडीए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स नियर यू के तहत इस गर्मियों की छुट्टियों में आपके लिए डीडीए के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स एक बेहतरीन जगह प्रदान कर रही है।

### दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव से मिले पंजाब से जीते कांग्रेसी सांसद

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनावों में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव बेशक अपने एक भी उम्मीदवार को जीत न दिला सके हो। लेकिन पंजाब व अन्य जगह से जीत कांग्रेसी सांसद लगातार दिल्ली में यादव के घर मिलने पहुंच रहे है। क्योंकि देवेंद्र यादव प्रदेश अध्यक्ष के अलावा कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य व पंजाब के प्रभारी भी है। जबकि यादव उत्तराखंड के प्रभारी भी रह चुके है। लोकसभा चुनावों के दौरान ही दिल्ली का अध्यक्ष बनाया गया। जबकि यादव के कंधे पर पंजाब प्रदेश प्रभारी के अलावा कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य की भी अहम जिम्मेदारी पहले से ही थी। ऐसे में पंजाब में लोकसभा चुनाव में उन्होंने उम्मीदवारों के चयन में भी भूमिका निभाई थी। यही कारण है कि पंजाब व उत्तराखंड में चुनाव जीतने वाले कांग्रेसी सांसद यादव का धन्यवाद करने उनके दिल्ली आवास पर पहुंच रहे है। यादव से मिलने वालों में पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी, जो जालंधर सीट से विजयी हुए है भी शामिल है। इनके अलावा फिरोजपुर से जीते एस जी हुबया, लुधियाना से सांसद चुने गए राजा बरार,अमृतसर से विजयी हुए गुरूजीत सिंह व करौली धौलपुर से जीते भजन लाल जाटव आदि शामिल है।

### जल मंत्री ने हरियाणा के सीएम नायब सैनी को लिखी चिट्ठी

# मुनक नहर में पर्याप्त पानी नहीं छोड़ा गया तो दिल्ली में आ सकता है बड़ा जल संकट : आतिशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा द्वारा दिल्ली को मुनक नहर के ज़रिए लगातार कम मिलते पानी के मुद्दे पर जलमंत्री आतिशी ने रविवार को हरियाणा के सीएम नायब सैनी को पत्र लिखा और उन्होंने हरियाणा सीएम से मुनक नहर के ज़रिए दिल्ली को उसके हिस्से का पर्याप्त पानी देने की मांग की। जल मंत्री आतिशी ने कहा कि अगर हरियाणा ने तुरंत दिल्ली को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं दिया तो अगले एक-दो दिनों में दिल्ली के हर इलाके में पानी की बड़ी समस्या खड़ी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि अपर यमुना रिवर बोर्ड में 2018 के दिल्ली-हरियाणा के बीच हुए समझौते के अनुसार दिल्ली को मुनक नहर से प्रतिदिन 1050 क्यूसेक पानी मिलना चाहिए। गर्मियों के समय बवाना कॉन्टैक्ट प्वाइंट पर मुनक नहर से 980 से 1030 क्यूसेक पानी पहुंचता है लेकिन पिछले एक सप्ताह में इसमें भारी कमी आई है। जल मंत्री आतिशी ने कहा कि, मुनक नहर से दिल्ली को मिलने वाले पानी की मात्रा 840 क्यूसेक पहुँची, इससे दिल्ली के सातों वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बुरी तरह



प्रभावित होंगे ऐसे में दिल्ली के लोगों को जलसंकट का सामना न करना पड़े इसलिए हरियाणा के सीएम मुनक नहर से दिल्ली को उसके हिस्से का 1050 क्यूसेक पानी छोड़ा जाना सुनिश्चित करें।

आतिशी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी को लिखी चिट्ठी में, हरियाणा द्वारा यमुना नदी में पानी न छोड़े जाने के मुद्दे पर उन्हें बतौर मुख्यमंत्री तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की। उन्होंने कहा कि, इस मुद्दे पर पिछले कई दिनों में लगातार पत्र लिखने के बावजूद न तो कोई उचित कदम उठाया गया और न ही जवाब मिला। आतिशी ने चिट्ठी में लिखा कि, दिल्ली अपनी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए यमुना के पानी पर निर्भर है। और पिछले कुछ दिनों से हरियाणा मुनक नहर से दिल्ली को उसके हिस्से का पानी पर्याप्त मात्रा में नहीं छोड़ रहा है। इस कारण दिल्ली के लोगों को काफ़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अपर यमुना रिवर बोर्ड द्वारा मई 2018 को बुलाई गई 53वीं बैठक में समझौते के अनुसार, मुनक नहर के ज़रिए सीएलसी और डीएसबी नहरों के माध्यम से दिल्ली को लगभग 1050 क्यूसेक आवंटित किया गया था। लेकिन ट्रांसमिशन लॉस के कारण ये दिल्ली पहुँचते-पहुँचते लगभग 1013 क्यूसेक रह जाता है। इसे फ्लो मीटर के ज़रिए दिल्ली में बवाना कांटैक्ट पॉइंट पर मापा जाता है। और पिछले सप्ताह ही इन फ्लो मीटरों की जांच अपर यमुना रिवर बोर्ड के प्रतिनिधियों ने की थी। आतिशी ने कहा कि, गर्मियों के समय बयाना कॉन्टैक्ट प्वाइंट पर पानी 980 से 1030 क्यूसेक के बीच मिलता है। लेकिन पिछले एक सप्ताह में इसमें भारी कमी आई है और ये 840 क्यूसेक पर आ गया है। इससे दिल्ली के सातों वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पर्याप्त पानी का उत्पादन करने में असमर्थ हो जाएंगे।

## जल संकट पर एलजी ने चर्चा के लिए आतिशी को मिलने का दिया समय, आज होगी मुलाकात

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लंबे समय से चले आ रहे जल संकट पर अब एलजी विनय कुमार सक्सेना से जल मंत्री आतिशी सोमवार को मिलने पहुंचेगी। मुलाकात के लिए राजनिवास तरफ से बताया गया कि जल मंत्री आतिश को जल संकट पर एलजी ने सोमवार सुबह मिलने का समय दिया है। राज निवास के अनुसार दिल्ली में बढ़ते जल संकट का लेकर उपराज्यपाल को भी पूरी जानकारी है। ऐसे में आतिशी को मुलाकात के लिए समय दिया है। सूत्रों के अनुसार एलजी ने अधिकारियों को



निर्देश दिए है कि हिमाचल और हरियाणा द्वारा दिल्ली के लिए यमुना में छोड़े जा रहे पानी की वास्तविक स्थिति, यमुना के तालाब में पानी की, डीजेबी के जल शोधन संयंत्रों द्वारा किए जा रहे जल शोधन की मात्रा, आपूर्ति हो रहे वपानी की वास्तविक मात्रा, पाइप लाइन में लीकेज से हो रही पानी बर्बादी की रिपोर्ट, टैंकरों की संख्या, आपूर्ति सिस्टम आदि की पूरी जानकारी दी जाए। एलजी ने यह भी निर्देश दिए है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार वजीराबाद जलाशय की सफाई की वास्तविक स्थिति की भी पूरी जानकारी दी जाए। आतिशी से मिलने की जानकारी उपराज्यपाल के अधिकृत सोशल मंत्र एक्स पर भी पोस्ट की गई है। वहीं दूसरी तरफ जल मंत्री आतिशी ने भी एलजी से मिलने की जानकारी को अपने सोशल मंच एक्स पर पोस्ट करके जानकारी सार्वजनिक की है। आतिशी के अनुसार उन्होंने एलजी से रविवार को ही मिलने का समय मांगा था, लेकिन मिल नहीं सका। बता दें कि दिल्ली में लंबे समय से पीने के पानी की आपूर्ति संकट बना हुआ है। लोगों को एक एक बंद पीने के पानी के लिए रात रात भर जागकर पानी की आस लगाए है। आतिशी ने हरियाणा पर दिल्ली के हिस्से का पानी रोकने के आरोप लगाए थे, बाद में मामला कोर्ट में पहुंचा और वहां से आदेश हुआ कि हिमाचल दिल्ली के लिए अतिरिक्त पानी छोड़े।

## बदरपुर में लोगों को जागरूक करने के लिए निकाली जल बचाओ पदयात्रा

नई दिल्ली। भीषण गर्मियों के साथ जल संकट से जूझ रही दिल्ली को राहत कब मिलेगी यह किसी को भी नहीं पता। दिल्ली सरकार से लेकर डीजेबी के आला अधिकारी जल संकट से निपटने के पूरे साल दावे करते रहते है लेकिन जैसे ही गर्मियां आती है सारे दावे हवा हो जाते है। ऐसे में लोगों के सामने जल संकट से बचने के लिए सबसे अहम कदम केवल जल की बर्बादी को रोकना है। इस कड़ी में तुगलकाबाद विधानसभा क्षेत्र में पानी बचाने को लेकर पानी बचाओ पदयात्रा निकाली गई। इस बारे में डॉ आर जी पार्थसारथी ने कहा कि मानव जाति ही नहीं संपूर्ण जगत को बचाने के लिए सबसे पहले पानी की बर्बादी को रोकना सबसे जरूरी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में हर साल गर्मियों के दिनों में पीने के पानी की भारी किल्लत होती है। सरकारें अपने अपने स्तर पर कदम भी उठाती है, लेकिन समस्या हल नहीं होती। उन्होंने कहा कि बदरपुर क्षेत्र में पीने के पानी की भयंकर किल्लत से लोग परेशान है। ऐसे में हमने लोगों को जल बचाने के लिए जागरूक करने के लिए पदयात्रा का आयोजन किया है। क्योंकि जल के बिना जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि हमने पदयात्रा के सहारे लोगों को जागरूक किया कि पानी का विकल्प केवल पानी ही है।

## ग्रेटर कैलाश के पास पिछले 10 दिनों से हो रही पानी की बर्बादी : बांसुरी

नई दिल्ली। नई दिल्ली से नवनिर्वाचित सांसद बांसुरी स्वराज ने जल संकट को लेकर दिल्ली सरकार की पोल खोलते हुए सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा करते हुए कहा कि मुझे सूचना मिली कि बीआरटी कॉरिडोर चिराग दिल्ली-पंचशील एन्क्लेव, ग्रेटर कैलाश के पास पानी की पाइपलाइन पिछले 10 दिनों से लीक हो रही है, जिससे लाखों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। यह जानकर निराशा होती है कि दिल्ली सरकार द्वारा पानी की इस बेतहाशा बर्बादी को रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है। मामले का संज्ञान लेते हुए मेरे कार्यालय ने डीजेबी अधिकारियों से बात की है और पानी की पाइप लाइन के तत्काल समाधान एवं मरम्मत के लिए निर्देश दिये है। मेरा कार्यालय डीजेबी के साथ संपर्क में है और यह सुनिश्चित करेगा कि इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान हो जाए।

### आश्वासन मिला, नहीं हुआ पानी बर्बादी का समाधान

वहीं, पानी की इस बर्बादी को लेकर राष्ट्रवादी युवा संघ के अध्यक्ष आदित्य तंवर ने मंत्री आतिशी को शनिवार को ट्वीट किया। इसे लेकर रविवार शाम करीब सात बजे उन्होंने बताया कि दिल्ली जल बोर्ड अधिकारी को इस लीकेज के संबंध में जानकारी दी गई है लेकिन सिर्फ आश्वासन मिला है और पानी बर्बादी की शिकायत का कोई समाधान नहीं हुआ है।





### पानी की कमी के बीच भी नहीं सुधर रही लीकेज की समस्या

नई दिल्ली। दिल्ली में पीने के पानी की कमी को लेकर दिल्ली सरकार लगातार हरियाणा से पानी छोड़ने की मांग कर रही है लेकिन इसके उलट पानी की पाइप लाइनों से लीक होने वाले पानी को रोकने के लिए कोई व्यापक व्यवस्था धरातल पर दिखती नहीं नजर आ रही है। गौरतलब है कि दिल्ली में कई जगह पानी की पानी लाइनें काफी लंबे समय से फूटी पड़ी हुई हैं और उनसे लाखों लीटर पानी रोज बर्बाद हो रहा है। पहला मामला पूर्वी दिल्ली निर्माण विहार इलाके का है। जहां निर्माण विहार और मदर डेयरी रोड पर कई महीनों से पानी की पाइप लाइन फूटी पड़ी है और उससे हजारों लीटर पानी रोज व्यर्थ में बह रहा है लेकिन इस तरफ न तो दिल्ली जल बोर्ड का ध्यान जा रहा है न ही खुदाई करने वाली एजेंसी का। वहीं दूसरा मामला पंजाबी बाग इलाके का है जहां शिकायत के बाद भी करीब छह महीने से पानी की फूटी पाइप लाइन से पानी व्यर्थ में बह रहा है। हैरत इस बात की है कि शिकायत के बाद भी इन पाइप लाइनों को सुधारा नहीं जा रहा है जबकि दिल्ली में पानी की कमी बनी हुई है।

### आज से 45 डिग्री तापमान सहने को रहे तैयार, बदला मौसम

नई दिल्ली। दिल्ली वालों को आज से एक बार फिर भीषण गर्मी, झुलसाने वाली लू की मार और 45 तापमान का टेंपरेचर टॉर्चर सहना पड़ सकता है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली में कई दिनो की राहत के बाद एक बार फिर मौसम का मूड बदल रहा है। जिसके चलते अनुमान है कि सोमवार से तापमान का ग्राफ एक बार फिर तेजी से ऊपर चढ़ेगा और यह 45-46 डिग्री तक पहुंच सकता है। इसका रूख रविवार को देखने को मिला जब अधिकतम तापमान बढ़कर 42.5 डिग्री सेल्सियस के रूप में देखने को मिला जो सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। आईएमडी ने बताया कि अनुमान है कि सोमवार से तापमान में और बढ़ोतरी होगी जो आने वाले चार से पांच दिन तक देखने को मिलेगी। भीषण गर्मी के साथ ही झुलसाने वाली लू की मार भी सहनी पड़ सकती है। जबकि 12-13 जून को 35-40 किमी की गति से तेज गर्म हवाएं चलने की संभावनाएं बन रही है। इस बीच कहीं कहीं बूंदाबांदी से इंकार नहीं किया जा सकता।

## पत्र लिखकर दिल्ली वालों को जल संकट पर गुमराह कर रही हैं आतिशी : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की जल मंत्री आतिशी झूठे आंकड़ों को आधार बना कर हरियाणा के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर दिल्ली वालों को जल संकट पर गुमराह कर रही हैं। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने रविवार को जल मंत्री आतिशी को जल संकट को लेकर यह आरोप लगाए। वहीं, सचदेवा ने दिल्ली जल बोर्ड द्वारा जारी 1 जून से 8 जून के बीच के हरियाणा से आये जल डाटा को मीडिया के समक्ष रख मंत्री आतिशी के झूठे दावों की पोल खोली। सचदेवा ने हरियाणा से दिल्ली को मिल रहे जल डाटा मे से आधे अधूरे आंकड़ों को आधार बना कर हरियाणा के मुख्यमंत्री



नायब सिंह सैनी को पत्र लिखने के लिए दिल्ली की जल मंत्री आतिशी की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि खुद दिल्ली जल बोर्ड के आंकड़ों से यह साफ है कि हरियाणा सरकार से दिल्ली को लगातार पूरा जल मिल रहा है और यदि दिल्ली सरकार को लगता है कि कम जल मिल रहा है तो वह पहले दिल्ली जल बोर्ड के दैनिक आंकड़ों को नकारे।

### चोरी एवं लीकेज बर्बादी को रोकने को लेकर केवल हो रही ब्यानबाजी

सचदेवा ने कहा है कि जल मंत्री आतिशी यूं तो गत कई दिन से दिल्ली के जल संकट को लेकर हरियाणा पर झूठा दोषारोपण करती रही हैं पर रविवार को उन्होंने आधे अधूरे आंकड़ों के आधार पर पत्र लिखकर ओछेपन की हर सीमा पार कर दी है। आतिशी लगातार जल चोरी एवं लीकेज बर्बादी को रोकने की बजाय केवल ब्यानबाजी करती रही हैं।

### यमुना नदी से भी दिल्ली जल बोर्ड उठाता है जल

सचदेवा ने 1 जून से 8 जून के बीच के दिल्ली जलबोर्ड के डाटा को सार्वजनिक करते हुए कहा कि दिल्ली को हरियाणा से सीएलसी एवं डीएसबी से तो जल मिलता ही है पर यदि उन दो स्रोत्रों से कमी होती है तो हरियाणा सरकार की सहमति से सीधा यमुना नदी से भी दिल्ली जल बोर्ड जल उठाता है। आतिशी ने पत्र लिखते हुए बड़ी सफाई से दिल्ली जल बोर्ड द्वारा सीधे यमुना नदी से उठाए जल के आंकड़ों को छुपा कर कमी दिखाने का प्रयास किया है।

## मंत्री कैलाश गहलोत ने अपनी विधानसभा में विकास कार्यों का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के कैबिनेट मंत्री कैलाश गहलोत ने रविवार को अपनी विधानसभा नजफगढ़ में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस बात की जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर दी। गहलोत ने रविवार को पुराने ककरौला रोड पर चल रहे निर्माण कार्य का सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यहां बनी नई सड़क से स्थानीय लोग सड़क खुश है। मुझे खुशी है कि इस इस मोड़ से रोजाना सैकड़ों लोग द्वारका और गुरुग्राम जाते हैं और उनको इस सड़क के निर्माण के बाद सुविधा होगी। वहीं गहलोत ने रोशन गार्डन कॉलोनी के बीच गुजर रहे बड़े नाले को साफ कराया। उन्होंने कहा कि मुझे आज भी याद है कि रोशन गार्डन कॉलोनी के बीच से गुजर रहे बड़े नाले की जर्जर हालत और इसके साथ की सड़क टूटी हुई थी। स्थानीय निवासी गंदगी से बहुत परेशान थे और पशुओं का नाले में गिरने जैसी समस्या बनी रहती थी। मैंने अपने वादे के अनुसार 17 करोड़ की लागत से नाले का पुनःनिर्माण और इसके साथ की नाले के दोनों तरफ़ सड़क का निर्माण कराया। अब सभी निवासी बहुत खुश हैं। बारिशों से पहले पूरे नाले की बड़ी मशीन से बढ़िया तरीके से हो रही सफाई का सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधिकारी और निवासियों के साथ निरीक्षण किया।

### संसदीय क्षेत्र के विकास कार्यों में करूंगा अपने अनुभव का उपयोग : योगेंद्र चंदोलिया

नई दिल्ली। उत्तर पश्चिमी दिल्ली से नवनिर्वाचित सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने कहा कि वे दिल्ली नगर निगम में महापौर और स्थायी समिति अध्यक्ष के पद पर रह



चुके हैं और दिल्ली नगर निगम की कार्यशैली का उन्हें लंबा अनुभव है कि किस प्रकार से जनता और प्रशासन का संबंध है। अपने अनुभव को आधार बनाकर यहां संसदीय क्षेत्र में विकास कार्य करूंगा। उन्होंने बताया कि जब उत्तरी पश्चिमी क्षेत्र को यह इलाका उनके लिए बिल्कुल नया नहीं है? जब दिल्ली नगर निगम एक थी तब वे स्थायी समिति के अध्यक्ष रहे हैं तब पूरी दिल्ली देखी हुई है। योगेंद्र चंदोलिया ने कहा कि यहां कई बड़े काम करने की जरूरत है। मेट्रो विस्तार, शिक्षा, सफाई व्यवस्था, जल निकासी जैसे कई मुद्दे हैं जिन पर कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि लोगों की मांग है कि रिठाला से आगे तक मेट्रो रेल का विस्तार होना चाहिए। दिल्ली सरकार ने जो अपना शेयर देना था, वो नहीं दिया। अब शहरी विकास मंत्री हरदीप पुरी ने यह कह दिया है कि अगर वो शेयर नहीं देंगे, तब भी हम लोगों के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकते। मेट्रो नरेला तक जाएगी, लोग चाहते हैं कि मेट्रो पल्ला तक जाए। बहादुरगढ़ तक जो मेट्रो जा रही है, वो कुंडली बॉर्डर तक चली जाएगी। दूसरी मांग यह है कि मेट्रो रिठाला से आगे बवाना तक जाए। तीसरा, बादली गांव तक मेट्रो है, आगे जीटी करनाल रोड पर सिरसपुर गांव तक लोग मेट्रो चाहते हैं। मेरा भी यही संकल्प है और यह इसलिए आसान हो गया क्योंकि प्रधानमंत्री ने अपने मेनिफेस्टो में मेट्रो के विस्तार की बात की है।

### अब तक 16,859 लोगों के खिलाफ कार्रवाई

## डिफेक्टिव नंबर प्लेट के खिलाफ एक्शन में ट्रैफिक पुलिस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

डिफेक्टिव नंबर प्लेट के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने अभियान छेड़ा हुआ है। यहीं कारण है कि लगातार ऐसे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही हैं। इस साल 31 मई तक 16,859 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इस समयावधि में पिछले साल के मुकाबले 286 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

इसके साथ ही ट्रैफिक पुलिस ने सबसे ज्यादा चालान किये जाने वाले 10 ट्रैफिक सर्किल का भी विश्लेषण किया। इससे उन क्षेत्रों की पहचान की गई, जहां सबसे अधिक ट्रैफिक नियमों की अनदेखी की गई। ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे अपने वाहनों पर लगी नंबर प्लेट की जांच ठीक से कर लें। अगर कुछ नंबर प्लेट में गड़बड़ी लगे तो उसे ठीक कर जुर्माने से बच सकें।



#### चालान का ये है प्रावधान

मोटर व्हीकल एक्ट के सेक्शन 192 के मुताबिक यदि वाहन की नंबर प्लेट सही नहीं है या उस पर किसी तरह का स्टीकर चिपका मिलता है तो पहली बार पकड़े जाने पर पांच हजार रुपये तक का चालान काटा जा सकता है। इसके बाद वाहन चालक दोबारा अपराध करता है तो एक साल की सजा और 10 हजार रुपए तक के जुर्माने का भी प्रावधान है।

#### इन 10 ट्रैफिक सर्किल में सबसे ज्यादा हुई कार्रवाई

| | |
|---|---|
| मयूर विहार | 976 |
| नंद नगरी | 917 |
| खजूरी खास | 845 |
| समयपुर बादली | 826 |
| सिविल लाइंस | 804 |
| भजनपुरा | 798 |
| अशोक विहार | 736 |
| गांधी नगर | 699 |
| सदर बाजार | 579 |
| नरेला | 565 |

## मौरिस नगर इलाके की घटना, घायल का अस्पताल में चल रहा इलाज

# बेकाबू ऑडी ने दो लोगों को कुचला, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तरी दिल्ली के मौरिस नगर में रविवार को एक ऑडी कार बेकाबू हो गई। कार की चपेट में आकर दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गये। दोनों घायलों को हिंदू राव अस्पताल भेजा गया, जहां एक को एलएनजेपी के लिये रेफर कर दिया गया। बाद में इलाज के दौरान एक की मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में कार जब्त कर चालक को हिरासत में लिया है। आरोपी पेशे से वकील बताया गया है। उसके मेडिकल जांच में नशे की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस के मुताबिक हादसा रामजस कॉलेज के मुख्य द्वार पर हुआ। सफेद रंग की एक ऑडी कार दुर्घटनाग्रस्त हालत में मिली। मौके पर जांच के दौरान पता चला कि ऑडी कार चालक के नियंत्रण खोने की वजह से बेंच पर बैठे दो लोग चपेट में आ गये। दोनों लोगों नाम गोविंद व अशोक बताये गये हैं। अशोक की हादसे में मौत हुई है। दोनों लोग पेशे से रिक्शा चालक बताये गये हैं और गर्मी के कारण आराम करने के लिये वहां बैठे थे। पुलिस ने इस मामले में आरोपी ऑडी कार ड्राइवर को मेडिकल जांच के लिए भेजा है। आरोपी चालक का नाम मुखर्जी नगर निवासी वीरेन्द्र (56) बताया गया है।



## आवारा जानवरों से कई मुख्य मार्ग बन रहें दुर्घटना संभावित क्षेत्र !

दया राम ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ शैली ओबरॉय के निर्देशों के बाद भी दिल्ली में आवारा पशु व जानवर मुख्य मार्गों के बीच और कई गलियों में देखे जा सकते हैं। साथ ही ये आवारा पशु जानवर दुर्घटना संभावित क्षेत्र की तरह हो गए हैं, जहां वाहन चालकों सहित आम जन भी खुद को आवागमन के दौरान असुरक्षित महसूस करते हैं। चालकों व राहगीरों ने बताया कि जहां भी जानवर होते हैं तो वहां बहुत ही सावधानी से मार्ग तय करना पड़ता है। गौरतलब है कि आवारा पशुओं को गौशालाओं भेजने की जिम्मेदारी दिल्ली नगर निगम प्रशासन की है लेकिन अनेकों दुर्घटनाएं और मौत होने के बाद भी आवारा पशुओं के लिए कोई उचित व्यवस्था निगम प्रशासन ने नहीं की है। जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन, आजादपुर फल व सब्जी मंडी और पंजाबी बाग गोल चक्कर के आसपास बीच सड़कों पर और गांव, कॉलोनियों में खुले में घूमते पशुओं को देखा जा सकता है। वहीं, इस संबंध में निगम के जनसंपर्क विभाग के माध्यम से जानकारी मांगी गई तो विभाग ने इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दी।

### देवली में आवारा गाय ने किया था हमला

बता दें कि इस साल फरवरी माह के दौरान दक्षिणी दिल्ली के देवली खानपुर इलाके में एक स्कूल बस स्टॉप पर अपने बेटे को छोड़ने के दौरान एक आवारा गाय ने एक करीब 42 वर्षीय व्यक्ति को मार डाला था। गाय ने व्यक्ति पर पीछे से हमला किया, जिससे वह गिर गए और फिर उनके चेहरे और छाती पर बार-बार वार किया। व्यक्ति की पसलियों, खोपड़ी और अन्य हड्डियों में कई फ्रैक्चर हुए और आंतरिक रक्तस्राव और महत्वपूर्ण अंगों के क्षतिग्रस्त होने से उनकी मृत्यु हो गई। गाय से एक व्यक्ति की मौत का मामला वायरल और राजनीतिक होने के बाद हरकत में आए निगम प्रशासन के पशु चिकित्सा विभाग की टीम ने खानपुर इलाके के दक्षिणी जोन में नौ जानवरों को पकड़ा और उसके बाद मार्च के पहले सप्ताह तक निगम की टीम ने करीब 830 पशुओं को पकड़कर गौशाला भेजा। वहीं, इस विशेष अभियान के तहत की गई कार्रवाई में 10 डेयरियों को सील कर दिया गया और 13 अवैध डेयरियों की बिजली बंद कर दी गई।





## खबर संक्षेप

### 12 साल के बाद पकड़ा गया ड्रग तस्कर

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने एनडीपीएस एक्ट के एक केस में आरोपी को 12 साल बाद अरेस्ट किया है। रविन्द्र कुमार चौधरी (52) मूलरुप से बिहार का रहने वाला है। कोर्ट भी इसे भगौड़ा घोषित कर चुकी थी। क्राइम ब्रांच के मुताबिक 23 मार्च 2012 को बिहार निवासी शंकर साहनी को अरेस्ट किया गया था। उसके पास से 84 किलो 800 ग्राम गांजा बरामद हुआ था। बाद में उसके सहयोगी भीकू साहनी और दिलीप साहनी को भी को पकड़ लिया गया था। जांच के दौरान पता चला कि बरामद गांजा की आपूर्ति रवींद्र कुमार चौधरी ने की थी। रवींद्र पुलिस के हाथ नहीं आ रहा था। बाद में कोर्ट ने उसे केस में भगौड़ा भी घोषित कर दिया था। अब इसके बारे में पुलिस को इनपूट मिला कि वह बिहार के हाजीपुर बाहरी इलाके में रह रहा है। वह अपना मोबाल और ठिकाने लगातार बदलता रहता था। इसके बाद 22 हाईवे हाजीपुर से इसे पकड़ा गया। आरोपी ने महज 12वीं कक्षा तक पढ़ाई की है। वह खुद को मोबाइल सप्लायर बताया करता था।

### आईपी यूनिवर्सिटी में काउन्सलिंग 13 और 14 को

**नई दिल्ली।** आईपी यूनिवर्सिटी के बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड केटरिंग टेक्नॉलोजी प्रोग्राम ( सीईटी कोड 127) की ऑफ़लाइन काउन्सलिंग 13 और 14 जून को द्वारका कैंपस में आयोजित की जाएगी। इस प्रोग्राम के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा के सभी सफल उम्मीदवार इस काउन्सलिंग में भाग ले सकते हैं। आवेदक को अपने साथ यूनिवर्सिटी के कुलसचिव के नाम से निर्गत 97 हज़ार रुपए का एक बैंक ड्राफ्ट, दिए गए सीईटी का एडमिट कार्ड और रैंक कार्ड एवं चार पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ भी लाने हैं। इस काउन्सलिंग में डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के उपरांत प्राप्त रैंक के अनुसार सीट आवंटन भी कर दिया जाएगा। यह प्रोग्राम बनारसीदास चांदीवाला इंस्टिट्यूट, कालकाजी (120 सीटों) पर डीटीसी, ग्रेटर नॉएडा (60 सीटें) में उपलब्ध है।

### कनॉट प्लेसः 'गेम आर्केड' में लगी आग

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के कनॉट प्लेस में थीम आधारित 'एडवेंचर गेम' क्षेत्र में आग लग गई। अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।




दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा कि हमने दमकल की पांच गाड़ियां घटनास्थल पर भेजीं। अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि अपराह्न तीन बजकर 22 मिनट पर आउटर सर्किल क्षेत्र में 'एम' ब्लॉक में स्थित गेम आर्केड के मिस्ट्री कक्ष से फोन आया कि 'गेम क्षेत्र' में आग लग गई है। उन्होंने कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है। उन्होंने बताया कि किस कारण लगी इसका पता अभी नहीं चल पाया है।

### निगम ने महाराणा प्रताप को अर्पित की श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप को रविवार को उनके जन्म दिवस के अवसर पर दिल्ली के नागरिकों की ओर से निगम पार्षद विकास टोंक और सिटी एसपी जोन के उपायुक्त मोहित बंसल ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। विकास टोंक और मोहित बंसल ने रविवार को अन्तर्राजीय बस अड्डे के सामने ऐतिहासिक कुदसिया बाग में स्थापित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर निगम के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे। महाराणा प्रताप को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए विकास टोंक ने कहा कि महाराणा प्रताप एक महान योद्धा थे, जिन्होंने मुगल साम्राज्य के साथ लंबी लड़ाई लड़ी और अदम्य साहस का परिचय दिया। उन्होंने अपने जीवनकाल में जो अनुकरणीय साहस और अद्भुत वीरता दिखाई, वह आज भारत के नागरिकों के लिए अनुकरणीय है।वहीं, प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने मां भारती के गौरव और जनजातीय संस्कृति एवं अस्मिता की रक्षा की।

# एम्स में अधेड़ उम्र की महिला से जूलरी ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

एम्स जैसे प्रतिष्ठित अस्पताल में भी जालसाजों का मकड़जाल फैला है। ताजा मामले में एक अधेड़ उम्र की महिला से सोने की चेन और अंगूठी ठग ले उड़े। महिला पेड़ के नीचे बैठकर खाना खा रही थी, तभी दो युवक उसके पास पहुंचे और उन्हें बहकाकर जूलरी ले गए। मामला सामने आने पर पुलिस तुरंत हरकत में आई और सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चैक कर एक आरोपी को दबोच लिया गया। इसका नाम रघुवीर नगर निवासी रमेश (34) बताया गया है। दूसरे सहयोगी की तलाश जारी है। डीसीपी अंकित चौहान के अनुसार 29 मई को धोखाधड़ी की बाबत एक पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस एम्स के गेट नंबर एक के पास पहुंची। वहां पीड़ति महिला के बेटे ने पूरे घटनाक्रम व ठगी के बारे में बताया। उसने बताया कि खानपुर जेजे कॉलोनी की रहने वाली 52 साल की उसकी मां संतरा दोपहर करीब साढ़े 12 बजे ऑर्थो में दिखाकर एक पेड़ के नीचे बैठ खाना खा रही थी। उस वक्त बेटा दवाई की लाइन में लगा था। इसी दौरान दो युवक उनकी मां के पास आए। उन्होंने पहले इधर उधर की बात की और फिर कहा आंटी आप अपनी सोने की चेन और अंगूठी निकालकर सही से रख लो। इसके बाद जालसाज उन्हें सम्मोहित कर उनकी चेन और अंगूठी लेकर चले गए और पीड़ित महिला को कुछ पता ही नहीं चला आखिर उनके साथ क्या हुआ। बेटे के वहां आने पर बताया कि उसके साथ ठगी हुई है।





## भगवान जगन्नाथ की धरती से मिलती है एकता, अखंडता की प्रेरणा

# ओडिशा के लोगों ने हरियाणा ही नहीं दुनियाभर में कायम किया है प्रेम व सौहार्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गुरुग्राम में रह रहे ओडिशा के लोगों की कलिंगा भारती फाउंडेशन के बैनर तले होने जा रहे छठे रज महोत्सव एवं राष्ट्रीय लोक नृत्य महोत्सव को लेकर बैठक आयोजित की गई। श्री माधव सेवा केंद्र सेक्टर-17 में हुई बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य एवं कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल ने शिरकत की।

### कलिंगा भारती फाउंडेशन के बैनर तले छठे रज महोत्सव व राष्ट्रीय लोक नृत्य महोत्सव

कलिंगा भारती फाउंडेशन के बैनर तले यहां ओडिशा के लोगों का स्वागत करते हुए डा. डीपी गोयल ने कहा कि भगवान जगन्नाथ की धरती के सभी ओडिशावासियों का मां शीतला की धरती पर स्वागत है। हम सब एकता में अनेकता के परिचायक हैं। हम संस्कृतियों को परस्पर परिचित कराने वाले हैं। उन्होंने 15 व 16 जून को होने वाले ओडीशा के प्रसिद्ध पर्व रज महोत्सव एवं राष्ट्रीय लोक नृत्य महोत्सव की सभी को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कलिंग भारती फाउंडेशन की ओर से प्रमुख सदस्य संजय दास, सुधांशु पाढ़ी, सलिल दाश, संतोष राउत, अनिल जेना, रबी नारायण साहू, निरंजन त्रिपाठी, संग्राम पाणिग्रही, जजाति पाल, बिष्णुप्रिया साहू, तनुश्री परिदा, जयश्री दाश, मोनालिशा पाढ़ी, निरुपमा पाल, श्रीमंत बिस्वाल, देवप्रिय, देबाशीष, निरज साहू समेत अनेक लोग मौजूद रहे।



### शाम 5 से रात 11 बजे तक लोग शिरकत कर सकेंगे

डीपी गोयल ने कहा कि ओडिशा ईमानदारी, वफादारी, मेहनत, लगन, सच्चाई के लिए जाना जाता है। वहां के लोग जहां भी रहते हैं वहां का भला चाहते हैं। किसी भी तरह के गलत कार्यों में इनकी भागीदारी न होकर समाज को आगे बढ़ाने में इनकी भूमिका होती है। गुरुग्राम में व्यापार प्रकोष्ठ हरियाणा भाजपा के प्रदेश संयोजक भाई नवीन गोयल ने देश के अनेक राज्यों की संस्कृतियों, वहां के स्थापना दिवस को गुरुग्राम में सेलिब्रेट करने का काम किया है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक भारत श्रेष्ठ भारत मुहिम की शुरुआत की। हरियाणा से इस अभियान के संयोजक परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा रहे, जबकि सह-संयोजक की जिम्मेदारी नवीन गोयल को दी गई थी। यह हम सबके लिए गौरव की बात है। सांस्कृतिक उत्थान के लिए उन्होंने लगातार कार्य किए हैं। संतुलित एवं सकारात्मक विकास पर जोर देते हुए डा. डीपी गोयल ने कहा कि ऐसे ही प्रयास नवीन गोयल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम कितने भी आगे क्यों न बढ़ जाएं, अगर हमारी संस्कृति पीछे रहती है तो हम भी पिछड़ जाएंगे। कलिंगा भारती फाउंडेशन से अक्षय शामल ने कार्यक्रम के बारे में बताया कि 15 व 16 जून को सेक्टर-4 कम्युनिटी सेंटर में छठा रज महोत्सव, ओडिशा फूड फेस्टिवल व राष्ट्रीय लोक नृत्य कार्यक्रम सांय 5 बजे से रात 11 बजे तक होगा। कोई भी व्यक्ति इस कार्यक्रम में शिरकत कर सकता है।

## खबर संक्षेप

### मंदिर के निर्माण कार्यों की समीक्षा कर की चर्चा



फरीदाबाद। श्री महावीर मंदिर सेवा समिति ट्रस्ट रजि, महावीर नगर ओल्ड फरीदाबाद की मासिक बैठक रविवार को आयोजित की गई। जिसमें ट्रस्ट के सभी सदस्यों अनिल गुप्ता महासचिव, सतपाल चौधरी, चरण सिंह सैनी आदि ने भाग लिया तथा मंदिर के निर्माण कार्यों की समीक्षा की।

### जिला बदर अपराधी को किया गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस ने एक जिलाबदर बदमाश को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने कुछ दिन पहले ही जिला बदर घोषित किया था।डीसीपी ग्रामीण विवेक चंद्र यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी पूजा कालोनी निवासी आमिर है। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध धारा-10 गुंडा नियंत्रण अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया ।



### 554 ग्राम गांजे सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर की टीम ने नशा तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी विकास वासी विनय नगर सेक्टर 91 फरीदाबाद का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों ले प्राप्त सूचना से थाना पल्ला के एरिया विनय नगर में गांजा बेचते हुए काबू किया है। आरोपी से मौके पर 554 ग्राम गांजा बरामद हुआ है।



### वाहन चोरी करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-17 की टीम ने वाहन चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।आरोपी आरिफ उर्फ चेनी गांव मोहम्मदपुर नूंह का रहने वाला है। अपराध शाखा टीम में आरोपी को प्राप्त सूचना से गस्त के दौरान सेक्टर-17 रोज गार्डन के पास से थाना एसजीएम नगर के मोटरसाइकिल चोरी के मुकदमे मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया था।



### वाहन की टक्कर से बाइक सवार फेरीवाले की मौत

**गुरुग्राम ।** पटौदी एरिया में तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार फेरीवाले की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और मृतक के पुत्र की शिकायत पर अज्ञात चालक पर केस दर्ज कर लिया।पुलिस को दी शिकायत में पटौदी में रहने वाले जब्बार ने कहा कि वह मजदूरी करता है। जबकि उसके पिता हनीफ बाइक से फेरी लगाकर कपड़ा बेचते थे।



## तकनीकी खामियों के चलते डिरेल का प्रकरण में गिर सकती गाज

# तेजस एक्सप्रेस के डिरेल होने की जांच शुरू स्थानीय अधिकारियों को दिल्ली बुलाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

> रेलवे के स्थानीय अधिकारियों को रेल मुख्यालय दिल्ली में पूछताछ के लिए बुलाया गया। एक अधिकारी ने नाम ने छापने की शर्त पर इसकी पुष्टि की है। जांच रिपोर्ट के आधार पर कई पर गाज गिर सकती है।

भुवनेश्वर से नई दिल्ली को जा रही तेजस राजधानी एक्सप्रेस का एक डिब्बा बी-1 एसी थर्ड शुक्रवार को गाजियाबाद जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर चार से कुछ दूर पहले तकनीकी खामियों के चलते डिरेल हो गया था। सूत्रों से पता चला है कि इस प्रकरण में पूरे दिन स्थलीय एवं घटना में लापरवाही किस स्तर पर हुई, इसकी जांच चलती रही। रेलवे के स्थानीय अधिकारियों को रेल मुख्यालय दिल्ली में पूछताछ के लिए बुलाया गया। एक अधिकारी ने नाम ने छापने की शर्त पर इसकी पुष्टि की है।

**खास बातें**

- तीन बिंदुओं पर की जा रही है हादसे की जांच
- खराब हुए ट्रैक को किया गया ठीक
- डिरेल से पहले कई एक्सप्रेस ट्रेन गुजरी



### प्लेटफार्म नंबर-4 से गुजारने का दिया गया था ग्रीन सिग्नल

*इसी के चलते प्लेटफार्म नंबर चार से गुजारने का ग्रीन सिग्नल दिया गया था। यह ट्रैक नई दिल्ली- लखनऊ लाइन का है। जहां पर ट्रेन डिरेल हुई वहां पर बृहस्पतिवार को ही मेंटेनेंस का कार्य किया गया था। इस कार्य के बाद से लेकर तेजस के डिरेल होने तक इस ट्रैक पर कई स्थानीय एवं एक्सप्रेस ट्रेन गुजरी। इन ट्रेनों का पता लगाया जा रहा है। साथ ही जांच में यह भी पता लगाया जा रहा है कि ट्रैक की मरम्मत होने से तेजस एक्सप्रेस के डिरेल होने से पहले गुजरने वाली ट्रेनों के संचालन में कोई तकनीकी खामी तो प्रकाश में नहीं आई।*

### प्रारंभिक जांच रिपोर्ट तैयार

ट्रैक की स्थलीय जांच के बाद रेलवे के तकनीकी अधिकारियों ने प्रारंभिक जांच रिपोर्ट तैयार कर ली है। बारीकी से ट्रैक का तकनीकी मुआयना करने पर पाया गया है कि यह हादसा तकनीकी खामी के चलते हुआ है। सूत्रों के अनुसार दूसरे दिन हुई प्रारंभिक जांच में कई अधिकारी एवं कर्मचारियों की लापरवाही सामने आ रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर कई पर गाज गिर सकती है। इस घटना के बाद प्लेटफार्म नंबर तीन और चार के ट्रैक को ठीक करते हुए रेल संचालन के लिए खोल दिया गया है। पता चला है कि तेजस को रन थ्रू ट्रैक से दिल्ली रवाना किया जाना था लेकिन उस ट्रैक पर दूसरी ट्रेन खड़ी हुई थी।

## विधायक ने बिजली अधिकारियों से कहा

# तिगांव विधानसभा क्षेत्र में न हो बिजली की किल्लत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

गर्मी में बिजली की बढ़ी मांग को देखते हुए तिगांव क्षेत्र के विधायक राजेश नागर ने अपने निवास पर बिजली अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों से स्पष्ट कहा कि वह सतर्क रहें और बिजली की किसी भी प्रकार की किल्लत लोगों को न आने दें। उन्होंने कहा कि अभी गर्मियां अपने उठाव काल पर हैं। फिलहाल इस हफ्ते भीषण गर्मी की आशंका देखी जा रही है। जिससे बिजली की मांग में उठाव आएगा और बिजली संसाधन पर लोड बढ़ने पर दिक्कतें आएंगी। ऐसे में होने वाले फॉल्ट तुरंत प्रभाव से सही किए जाएं तभी लोगों को राहत मिलेगी। इसमें किसी प्रकार की कोई ढिलाई न दी जाए।

### बिजली सरप्लस है, समस्या है सप्लाई की

नागर ने कहा कि मुझे बताया गया है कि हमारे पास बिजली की भरपूर उपलब्धता है। बिजली सरप्लस है जिसका मतलब है कि हमारे पास सप्लाई से संबंधित समस्याएं ही आएंगी। जिसमें प्रमुख रूप से लोड के कारण होने वाले फॉल्ट ही प्रमुख हैं। अगर उन्हें समय पर ठीक कर दिया जाए तो कोई दिक्कत नहीं होगी लेकिन इसमें लापरवाही बरतने पर संबंधित व्यक्ति को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

### फॉल्ट भी प्राथमिकता के आधार पर सही करें

इस अवसर पर तिगांव क्षेत्र के चारों बिजली एसडीओ जवाहर सांगवान, सुनील चावला, रजत कम्बोज और अंकित मित्तल प्रमुख रूप से मौजूद रहे। उन्होंने विधायक नागर को विश्वास दिलाया कि बिजली की किसी भी प्रकार से दिक्कत नहीं आएगी। हमारे सभी कर्मचारी बिजली की बढ़ी मांग को देखते हुए पूरी तरह से सतर्क हैं और सभी फॉल्ट भी प्राथमिकता के आधार पर सही किए जा रहे हैं।

## वाट्सएप पर मैसेज कर इमरजेंसी बताई

# दोस्त बनकर युवक से 45 हजार ठग लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

साइबर क्राइम साउथ थाना एरिया में जालसाज द्वारा दोस्त बनकर युवक से 45 हजार रुपए ठगने का मामला सामने आया है। आरोपी ने युवक के दोस्त का फोन हैक कर वाट्सएप पर मैसेज करके इमरजेंसी बताई थी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस को दी शिकायत में यूपी के गोरखपुर निवासी अमरजीत चौरासिया ने कहा कि वह गुड़गांव के भोंडसी में रहता है। बीती एक जून को उसके पास उसके दोस्त विजेंद्र गौड़ का वाट्सएप मैसेज आया। जिसमें उसने इमरजेंसी बताते हुए 45 हजार रुपए मांगे। दोस्त की मजबूरी समझते हुए अमरजीत ने दो बार में दिए गए नंबर पर 45 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। उसके बाद अमरजीत के पास दोबारा वाट्सएप मैसेज आया, जिसमें 35 हजार रुपए और मांगे।




अमरजीत ने अपने दोस्त विजेंद्र गौड़ को फोन किया। विजेंद्र ने उसे बताया कि किसी ने उसका फोन हैक कर लिया है और उसके नाम से परिचतों से रुपए मांगे जा रहे हैं।

**तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार युवक का टक्कर मारी, मौत**

इसके अलावा सेक्टर-5 एरिया में तेज रफ्तार निजी बस ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। बस चालक पर रफ्तार का इतना जनून सवार था कि टक्कर लगने के बाद बाइक जब बस में उलझ गई तो चालक ने बस रोकना भी मुनासिब नहीं समझा। बस बाइक सहित युवक को करीब 50 मीटर तक घसीटते हुए ले गई।

# पुलिस मुठभेड़ में दो लुटेरे काबू एक पुलिस की गोली से घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

थाना टीलामोड़ पुलिस टीम ने रविवार की अलसुबह पुलिस मुठभेड़ के दौरान दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली से एक लुटेरा घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनके कब्जे से लूट का एक मोबाइल फोन, एक तमंचा ,एक चाकू व घटना में प्रयुक्त एक मोटर साइकिल बरामद बरामद की है।

एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि थाना टीला मोड़ पुलिस को चेकिंग के दौरान सूचना मिली कि दो लूटेरे भोपुरा लोनी रोड पर भौपुरा की तरफ से आ रहे है । इस सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए थाना टीला मोड़ पुलिस ने पंचशील कट पर बैरियर लगाकर चेकिंग शुरू कर दी। तभी काले रंग की मोटर साइकिल पर दो युवक आते दिखाई दिए, जिन्हें देखते ही मुखबिर ने बताया कि यही वह दोनों लुटेरे है । जिन्होने कुछ दिन पूर्व एमकेल रेस्टोरेन्ट के पास से लूट की घटना



को अंजाम दिया था। पुलिस टीम ने दोनों मोटर साइकिल सवार को रूकने का इशारा किया गया तो उन्होने पुलिस को देखकर भगाने लगे तभी आगे सीवर के ढक्कन से बाइक के टकराकर गिर गया। पकड़े जाने के भय से पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया । पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। जिसमें अनस के बाएं पैर में गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गया। घायल अभियुक्त अनस के कब्जे से से एक अवैध तमंचा, एक खोखा कारतूस, दो कारतूस, लूट का एक मोबाइल तथा दूसरे आदिल के कब्जे से एक अवैध चाकू व लूट से घटना में प्रयुक्त एक मोटर साइकिल बरामद हुई ।

## बीमारियों के लक्षण व उनके उपचार की जानकारी दी

# निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 200 से अधिक ने कराई अपनी बीमारी की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

भारतीय पंजाबी युवा एकता मंच द्वारा आर्टेमिस अस्पताल के सहयोग से रविवार को प्रताप नगर स्थित डेरावाल भवन परिसर में निशुल्क मल्टी स्पेशियलिटी विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया, जिसमें 200 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य लाभ उठाया और उन्हें निशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई। शिविर का शुभारंभ जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.वीरेन्द्र यादव व भारतीय पंजाबी युवा एकता मंच के चेयरमैन बोधराज सीकरी ने संयुक्त रुप से किया किया।



यादव ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन सभी सामाजिक संस्थाओं को करने चाहिए, ताकि आमजन इनका लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य सरकार की अपेक्षाओं के अनुरुप स्वास्थ्य के क्षेत्र में आमजन तक योजनाओं का लाभ पहुंचाकर लोगों को लाभान्वित करना है। स्वास्थ्य सुविधाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग प्रयासरत है। बोधराज सीकरी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से जरुरतमंद लोगों व उनके परिवारों को अधिक लाभ मिलता है। उन्होंने सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार अपनी ओर से प्रदेशवासियों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। अस्पताल के असगर अली का कहना है कि डॉ. अर्पित जैन, डॉ. कुलदीप अरोड़ा, डॉ. कपिल कोच्चर, डॉ धीरज भठेजा व निरामाया चैरिटेबल ट्रस्ट के नेत्र विशेषज्ञों ने भी शिविर में आए मरीजों की जांच की और उन्हें विभिन्न बीमारियों के लक्षण व उनके उपचार की जानकारी भी दी।

## आरोपियों से वारदात में प्रयोग स्विफ्ट और स्विफ्ट डिजायर गाड़ी बरामद

# चुनावी रंजिश के चलते हुए झगड़े, मारपीट के मामले में पुलिस टीम ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

विगत 25 मई को लोकसभा चुनाव के दिन पल्ला एरिया में बूथ पर टेंट लगाने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हुई थी। जिसकी रंजिश को लेकर आरोपियों ने शिकायतकर्ता को 7 जून के दिन थाना सराय ख्वाजा के एरिया बाइपास रोड पर मारपीट की वारदात को अंजाम दिया था। इसके संबंध में पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल जसलीन कौर ने मामले के संबंध में संज्ञान लेते हुए थाना सराय ख्वाजा में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश निर्देश दिए थे।

पुलिस प्रवक्ता ने मामले में अधिक जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में रवि, कमल



और आकाश उर्फ मोला शामिल है। सभी आरोपी गांव अनंगपुर के रहने वाले हैं। थाना पुलिस ने सभी आरोपियों को सराय ख्वाजा एरिया से गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता राजकुमार ने अपनी शिकायत में बताया कि वह गांव बसन्तपुर फरीदाबाद का रहने वाला है। वह पार्षद पद की तैयारी कर रहा है और काग्रेस पार्टी से संबंध रखता है। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में बूथ एजेन्ट था जिसका आरोपियों ने टैन्ट नहीं लगने दिया। जिसको लेकर दोनों पक्ष में गाली गलौच हुई। जिसका मुकदमा शिकायतकर्ता राजकुमार के खिलाफ दर्ज है। जिसकी रंजिश को लेकर आरोपी रवि ने अपने साथियों के साथ मिलकर 7 जून को बाइपास रोड पर गाडियों में सवार होकर शिकायतकर्ता की स्कार्पियो को दो गाडी ने रोका और अपने साथियों के साथ मिलकर पिस्टल, तलवार, चाकू, दाव व डन्डे के साथ मारपीट की वारदात को अंजाम दिया। शिकायतकर्ता ने मामले में आरोपियों द्वारा पैसे छीनने का भी आरोप लगाया है, मुकदमे में तफ्तीश जारी है।

# यातायात पुलिस टीम ने वीडियो वैन के माध्यम से ट्रैफिक नियमों के प्रति किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पुलिस उपायुक्त ट्रैफिक उषा के द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए यातायात पुलिस द्वारा आमजन को सडक़ सुरक्षा, यातायात नियमों के बारे में लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में आज ट्रैफिक इंस्पेक्टर दर्पण द्वारा हार्डवेयर चौक एवं मेट्रो चौक पर नागरिकों एवं वाहन चालकों को जागरूक किया गया। यातायात पुलिस ने यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए ट्रैफिक इंस्पेक्टर दर्पण ने वाहन चालकों को बताया कि यातायात नियम सभी लोगों की सुरक्षा और सुविधा के लिए महत्वपूर्ण हैं तथा वर्तमान में होने वाले दुर्घटनाओं पर नियंत्रण करने के लिए हमें यातायात नियमों का पालन करने चाहिए।

### स्पीड लिमिट का पालन के निर्देश

सड़क दुर्घटनाओं का सीधा असर हमारे जीवन पड़ता है। इसलिए सभी को सीट बेल्ट का उपयोग करना चाहिए और वाहन चालक को निर्धारित स्पीड लिमिट का पालन करना चाहिए। इसके अलावा आमजन को अन्य ट्रैफिक नियमों जैसे कि ट्रैफिक सिग्नल का पालन करने, लेन ड्राइविंग, उच्च गुणवत्ता वाले हेलमेट का उपयोग करने इत्यादि के बारे में विशेष रूप से जागरुक किया गया। सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए संबंधित संगठनों को भी अपनी जिम्मेदारियों का पूरा निर्वहन करना चाहिए। आमजन को सड़क दुर्घटना से बचने के लिए वाहनों के तकनीकी मानकों का पालन करना चाहिए। यातायात पुलिस द्वारा नागरिकों और वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा एवं नियमों के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे है ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाकर यातायात को प्रभाशाली रूप प्रदान किया जा सके। सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए हम सभी को एकजुट होकर यातायात नियमों की शिक्षा का प्रसार करना चाहिए। इसलिए सड़क सुरक्षा को जीवन का प्रमुख अंग बनाने के लिए हमें यातायात नियमों का पालन करना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### कल्पना सोरेन लेंगी विधायक पद की शपथ

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन के विधानसभा उपचुनाव जीतने के



बाद राज्य में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। गांडेय विधानसभा उप चुनाव में नव-निर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन झारखंड विधानसभा की सदस्य के रूप में शपथ ले सकती हैं। झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिला सकते हैं।

### ट्रेन की चपेट में आने से भाई-बहन की मौत



**मिर्जापुर।** यहां कटरा कोतवाली क्षेत्र के संगमोहाल ओवरब्रिज के पास ममेरे भाई-बहन ट्रेन की चपेट में आ गया। ट्रेन की साइड टक्कर लगने से दोनों दूर जा गिरे। हादसे में दोनों की मौत हो गई। सूचना पर कटरा कोतवाली और जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची। जीआरपी ने शव की शिनाख्त कराकर परिजनों को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया।

### युवक से वसूली, चौकी इंचार्ज समेत 3 सस्पेंड




**गोरखपुर।** एक युवक की पिटाई कर रुपए वसूलने के मामले में चौकी इंचार्ज समेत तीन को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया। साथ ही तीनों पर भ्रष्टाचार व पिटाई का केस दर्ज किया गया। वहीं, इनकी विभागीय जांच भी शुरू करा दी गई है। चौकी इंजार्च और 2 सिपाहियों पर हुई इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। घटना ग्राम पंचायत रुद्रापुर का है।

# गया में 25 जून से अग्निवीर भर्ती, हीटवेव के बीच 11 जिलों के युवा लगाएंगे दौड़

एजेंसी ▶▶ गया

सेना में भर्ती के लिए गया में 25 जून से अग्निवीरों की शारीरिक दक्षता परीक्षा शुरू होगी। बोधगया में बिहार स्पेशल आर्म्स पुलिस कैंप के ग्राउंड में अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन होने वाला है।

11 जिलों के लगभग साढ़े 4 हजार अभ्यर्थी दौड़ में शामिल होंगे। अग्निवीर बहाली में लगभग 11 हजार अभ्यर्थियों ने लिखित परीक्षा दी थी। इसमें साढ़े 4 हजार अभ्यर्थी शॉर्टलिस्ट किए गए। ये अभ्यर्थी दौड़ और मेडिकल में भाग लेंगे। 5 जुलाई तक दौड़ चलेगी। शारीरिक दक्षता में उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थियों के दस्तावेज जमा कराए जाएंगे। उसके बाद आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।



### व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन की तैयारी शुरू

सेना बहाली के मद्देनजर बेहतर व्यवस्था बनाने को लेकर जिला प्रशासन तैयारी शुरू कर दी है। डीएम ने संबंधित पदाधिकारियों से कहा कि जून माह में हीट वेव की पूरी संभावना है। हर अभ्यर्थी के पास ओआरएस का पैकेट उपलब्ध करवाएं। पर्याप्त मेडिकल टीम, पैरासिटामोल दवा के साथ आइस पैक, जार, मटका का ठंडा पानी की पूरी व्यवस्था हो। वाटर कूलर की भी पूरी व्यवस्था रखें। इसके साथ साफ-सफाई, बिजली व सुचारू यातयात व्यवस्था की इंतजाम करें।

**लिखित परीक्षा पहले ही हो चुकी :** जिला प्रशासन की ओर से भर्ती में आने वाले युवाओं की सुविधा के लिए पूरी तैयारी की जा रही है। भर्ती रैली में 11 जिलों के युवा भाग लेने वाले हैं जो पहले दौड़ लगाएंगे और उसमें क्वालिफाई करने के बाद उनका मेडिकल चेकअप कराया जाएगा।

■ **अभ्यार्थियों को किसी गलत तत्व के बहकावे में न आने की सलाह**

इनकी लिखित परीक्षा पहले ही हो चुकी है जिसमें करीब 11 हजार अभ्यर्थियों ने भाग लिया था। उनमें से लगभग साढ़े चार हजार आवेदकों को फिजिकल टेस्ट के लिए योग्य पाया गया। मेडिकल चेकअप के बाद उनके सर्टिफिकेट जांच के लिए जमा कराए जाएंगे। भर्ती में शामिल पदाधिकारियों ने अपील की है कि भर्ती के लिए किसी भी गलत तत्वों के बहकावे में नहीं आएं। बहाली में किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी को सहन नहीं किया जाएगा। पकड़े जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

## यूपी के जातीय और क्षेत्रीय समीकरणों को साधने की कवायद

# मोदी के तीसरे मंत्रिमंडल में उत्तर प्रदेश के राजनाथ समेत 11 मंत्री शामिल किए गए

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

राष्ट्रपति भवन में नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार पीएम पद की शपथ ली। मोदी की तीसरी कैबिनेट में हर बार की तरह इस बार भी यूपी के सांसदों को सबसे अधिक जगह मिली है। इसमें प्रधानमंत्री मोदी समेत 11 मंत्री शामिल किए गए हैं। प्रधानमंत्री के अलावा अन्य जिन लोगों को कैबिनेट में जगह मिली हैं, उनमें राजनाथ सिंह, अनुप्रिया पटेल, जयंत चौधरी, जितिन प्रसाद, बीएल वर्मा, पंकज चौधरी, एसपी सिंह बघेल, कीर्तिवर्धन सिंह और कमलेश पासवान के नाम शामिल हैं। इनमें अनुप्रिया पटेल और जयंत चौधरी को छोड़कर बाकी के सभी नेता भाजपा के हैं। यूपी से राज्यसभा सांसद हरदीप पुरी को भी मंत्रिमंडल में जगह मिली है। मोदी मंत्रिमंडल में सांसदों को शामिल करने में जातीय और क्षेत्रीय समीकरण का ध्यान रखा गया है।

**जयंत को छोड़कर शेष पिछली सरकार में भी मंत्री थे**

जिन लोगों को कैबिनेट में जगह मिली है, उनमें से जितिन प्रसाद, कीर्तिवर्धन सिंह, कमलेश पासवान और जयंत चौधरी को छोड़कर बाकी नरेंद्र मोदी की पिछली सरकार में भी मंत्री थे।

**पश्चिम यूपी से 4, पूर्व से 3 मंत्री**

मोदी की तीसरी कैबिनेट में जिन नेताओं को जगह दी गई है, अगर उसके जातीय संतुलन की बात करें तो इनमें चार ओबीसी, तीन सवर्ण (एक ब्राह्मण और दो राजपूत) और दो दलित हैं। वहीं अगर क्षेत्रवार बात की जाए तो पश्चिम यूपी से सबसे ज्यादा चार, पूर्वांचल से तीन और अवध से दो नाम शामिल हैं।

*काशी के सांसद नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। उनके बाद लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह के अलावा कई और दिग्गजों ने शपथ ली।*

**मोदी कैबिनेट में यूपी के 11 मंत्री, बिहार में एक भी राजपूत चेहरा नहीं, 6 नए चेहरे**


राजनाथ सिंह


जीतन राम मांझी


जयंत चौधरी


अनुप्रिया पटेल

### बिहार से 4 केंद्रीय मंत्री और 4 राज्यमंत्री

बिहार के 8 सांसदों ने मंत्री पद की शपथ ली। इसमें जीतन राम मांझी, गिरिराज सिंह, ललन सिंह और चिराग पासवान ने केंद्रीय मंत्री के रूप में शपथ ली। वहीं, नित्यानंद राय, रामनाथ ठाकुर, सतीशचंद्र दुबे और राज भूषण चौधरी ने राज्य मंत्री के पद की शपथ ली। बिहार से सबसे पहले हम सुप्रीमो जीतन राम मांझी ने मंत्री पद की शपथ ली। इसके बाद बाकी सभी सांसदों ने शपथ ली। मोदी 3.0 में गिरिराज सिंह और नित्यानंद राय को रिपीट किया गया है। 6 चेहरे राजभूषण चौधरी, सतीश चंद्र दुबे, जीतन राम मांझी, ललन सिंह, चिराग पासवान और रामनाथ ठाकुर को पहली बार जगह दी गई है।

### झारखंड की अन्नपूर्णा देवी फिर बनीं मंत्री

झारखंड के कोडरमा सीट से लगातार दूसरी बार चुनाव जीतकर संसद पहुंचीं अन्नपूर्णा देवी को एक बार फिर प्रधानमंत्री मोदी की कैबिनेट में मंत्री बनाया गया है। अन्नपूर्णा देवी ने 1998 में राजनीति में कदम रखा, जब उनके विधायक पति रमेश प्रसाद यादव की मौत हो गई।

## शरीर पर चोटें और मुंह में ठूंसा गन्ना

# मेरठ में सिपाही के बेटे की 50 लाख फिरौती न देने पर बेरहमी से हत्या



एजेंसी ▶▶ मेरठ

इंचौली थाना क्षेत्र के गांव धनपुर में रविवार सुबह घर के बाहर खेल रहे 7 वर्षीय पुनीत उर्फ़ कान्हा यादव का अपहरण कर गला दबाकर निर्मम हत्या कर दी। हत्यारोपितों ने इससे पहले 50 लाख रुपए की फिरौती भी मांगी थी। गुस्साए ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया और उच्च अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग करते हुए काफी देर तक शव नहीं उठने दिया।

**पिता है सहारनपुर में तैनात:** गोपाल यादव यूपी पुलिस में सिपाही हैं और वर्तमान में सहारनपुर में तैनात हैं। उनका 7 वर्षीय बेटा पुनीत उर्फ़ कान्हा यादव अचानक घर के बाहर से गायब हो गया। इस बीच घर पर 50 लाख रुपए की फिरौती मांगते हुए एक पर्चा भी पड़ा मिला। उसके बाद गांव में बच्चों की खोज खोजबीन शुरू हुई और एसओ योगेंद्र कुमार भी पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे।

### शरीर पर मिले चोट के निशान

गला दबाने के साथ मुंह में गन्ना ठूंसा हुआ था और शरीर पर चोट के निशान भी थे। गुस्साए लोगों ने शव नहीं उठने दिया। इस बीच नौकर गोपाल के यहां नौकर रहे टीटू में उसकी पत्नी सुमन का नाम सामने आया। पुलिस ने दंपती को हिरासत में ले लिया। उधर, मौके पर पुलिस अधिकारी मौजूद थे। एसपी आयुष विक्रम, सीओ सिविल लाइन अभिषेक तिवारी व कई थानों की फोर्स मौके पर मौजूद थी।

## पेज एक का शेष

### मंत्रिमंडल में कम हुई...

भाजपा के सात सांसदों में से अकेले थे जिनको इस चुनाव में टिकट दी गई थी। बाकी छह सांसदों में से मीनाक्षी लेखी, प्रवेश वर्मा, हंसराज हंस, रमेश बिधूडी का टिकट काट दिया गया था जबकि डॉ. हर्षवर्धन और गौतम गंभीर ने चुनावी राजनीति से खुद को अलग कर लिया था। भाजपा दिल्ली में आप को सत्ता से दूर करने का प्रयास कर रही है लेकिन सातों सांसद जीतने के बावजूद विधानसभा चुनाव में पार्टी अरविंद केजरीवाल को मात नहीं दे पा रही है। अब विधानसभा चुनाव में कुछ ही महीने बचे हैं। पार्टी संगठन को भी उम्मीद थी दिल्ली के सात सांसदों में से दो या तीन मंत्री बनाये जायेंगे पर ऐसा हो नहीं पाया। दिल्ली के पडोसी राज्य हरियाणा में भी विधानसभा चुनाव तीन महीने बाद होना है वहां भाजपा के पांच सांसद हैं जिनमें से तीन को मोदी सरकार में शामिल किया गया है।

चर्चा थी कि मनोज तिवारी, बांसुरी स्वराज, कमलजीत सहरावत और रामवीर सिंह विधूडी में से किसी सांसद को मंत्री बनने का मौका मिलेगा लेकिन कयास सच में तब्दील नहीं हो पाये। जातीय समीकरण के आधार पर देंखे तो पूर्वांचल वोट बैंक के दिल्ली में बडे असर को देखते हुए तिवारी को मंत्री बनाया जाएगा ये लगभग तय माना जा रहा था। वे तीसरी बार चुनाव भी जीते थे। जाट समुदाय से आने वाली सहरावत को लेकर भी कहा जा रहा था कि वे छुपी रूस्तम साबित हो सकती है। दिल्ली देहात की कई विधानसभा सीटों पर जाटों का दबदबा है। फिलहाल दिल्ली के जाट समुदाय को इंतजार ही करना पडेगा। दक्षिण दिल्ली की राजनीति में लंबे वक्त से अपना वजूद कायम रखने वाले सांसद रामवीर सिंह विधूडी हो या उत्तर पश्चिम दिल्ली से सांसद बने योगेन्द्र चंदोलिया इन दोनों के समर्थकों के हाथ भी निराशा लगी है। चंदोलिया आरक्षित सीट से चुनाव जीते हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर दलित वोट को साधने के लिए उन्हें मंत्री बनाये जाने की बात राजनैतिक हलकों में सुनी जा रही थी लेकिन फिलहाल पंजाबी समुदाय से आने वाले मल्होत्रा बाजी मारने में सफल रहे हैं।

### हरियाणा में विधानसभा...

राव इंद्रजीत और कृष्णपाल गुर्जर को विधानसभा चुनाव में अपने लोकसभा क्षेत्रों के साथ साथ हरियाणा के दूसरे हिस्सों में भी अपनी पैठ साबित करनी पड़ेगी। हरियाणा में भिवानी महेन्द्रगढ़ से धर्मबीर तीसरी बार जीते हैं। हरियाणा भाजपा के पांच सांसदों में धर्मबीर अकेले जाट सांसद हैं। हरियाणा में अबकी बार जाट मतदाताओं के बड़े तबके ने कांग्रेस को वोट दिया है। शायद इसी वजह से धर्मबीर मंत्री बनने की दौड़ में बाजी नहीं मार पाये। कुरूक्षेत्र से भाजपा की टिकट पर पहली बार सांसद बने नवीन जिंदल को लेकर लगभग तय था कि उनको मंत्री नहीं बनाया जाएगा हालांकि प्रदेश के व्यापारी समाज को उम्मीद थी, पर ऐसा नहीं हुआ।

### आईआईटी मद्रास ने...

की प्रवेश परीक्षा में बैठने वाले अभ्यर्थी jeeadv.ac.in वेबसाइट पर जाकर भी अपना स्कोर कार्ड यानी परिणाम देख सकते हैं। आईआईटी मद्रास ने परिणाम के साथ कटऑफ जैसी दूसरी जानकारी भी साझा की है। जेईई मेन परीक्षा में शीर्ष 2.5 लाख में रैंक हासिल करने वाले ही जेईई एडवांस- 24 के लिए पात्र थे। दो पेपरों की यह परीक्षा तीन घंटे की थी।

**जेईई एडवांस के टॉप-10 टॉपर:** कॉमन रैंक लिस्ट (सीआरएल) के हिसाब से ओपन-सीआरएल में 355 अंकों के साथ वेद लाहोटी ने टॉप किया है। वे दिल्ली आईआईटी जोन के हैं। इसी जोन के आदित्य 346 अंकों के साथ दूसरे टॉपर हैं। आईआईटी मद्रास जोन के भोगलापल्ली संदेश 338 अंकों के साथ तीसरे टॉपर, 337 अंकों के साथ आईआईटी रुड़की जोन के आर.केड़िया चौथे टॉपर, 334 अंकों के साथ आईआईटी मद्रास जोन के पुट्टी कौशल कुमार पांचवें टॉपर बने हैं। आईआईटी बॉम्बे के राजदीप मिश्रा 333 अंकों के साथ छठे टॉपर हैं। जबकि इसी जोन की द्विजा धर्मेशकुमार पटेल 332 अंकों के साथ सातवीं टॉपर बनी हैं। आईआईटी मद्रास जोन के कोडुरू तेजेश्वर 331 अंकों के साथ आठवें टॉपर, आईआईटी बॉम्बे के ध्रुविन हेमंत दोषी 329 अंकों के साथ नौवें और आईआईटी मद्रास के अल्लाडाबोईना सिद्धविक सुहास 329 अंकों के साथ दसवें टॉपर हैं।

**ये होंगे न्यूनतम कटऑफ अंक:** आईआईटी मद्रास के मुताबिक, सीआरएल में प्रत्येक विषय के कुल अंकों का 8.68 फीसद और एग्रीगेट में 30.34 फीसद परीक्षा पास करने के लिए न्यूनतम कटऑफ अंक हैं। इसके साथ ही संस्थान ने दस अन्य श्रेणियां भी बनाई हैं और उनमें प्रत्येक विषय के कुल अंकों और एग्रीगेट के लिए अंक फीसद तय किया गया है। अनुसूचित जाति-जनजाति (एससी, एसटी) के उम्मीदवारों के लिए प्रत्येक विषय के कुल अंकों का 4.34 फीसद और 15.17 फीसद न्यूनतम कटऑफ अंक हैं। एससी, एसटी के दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए भी न्यूनतम कटऑफ अंक 4.34 और 15.17 फीसद रखे गए हैं। जबकि परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए कॉमन रैंक लिस्ट में प्रत्येक विषय में न्यूनतम अंक 10 और न्यूनतम एग्रीगेट अंक 109 हैं। ओबीसी-एनसीएल रैंक लिस्ट में यह संख्या क्रमशः 9, 98 है। जबकि एससी-एसटी श्रेणी में 5, 54 है।

**परीक्षा में बैठे अन्य उम्मीदवारों की स्थिति:** जेईई एडवांस के लिए 2 हजार 632 दिव्यांग उम्मीदवारों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इसमें परीक्षा में बैठने वालों का आंकड़ा 2 हजार 465 था। जबकि इनमें से 594 ने परीक्षा उत्तीर्ण की। परीक्षा में रजिस्ट्रेशन कराने वाले 1 लाख 86 हजार 67 भारतीयों में से दोनों पेपरों में बैठने वाले उम्मीदवारों का कुल आंकड़ा 1 लाख 79 हजार 711 है। इनमें से परीक्षा पास करने वालों की संख्या 48 हजार 62 है। भारतीय विदेशी नागरिकता (ओसीआई) वाले 348 उम्मीदवारों ने रजिस्ट्रेशन कराया। इनमें से परीक्षा में 331 उम्मीदवार बैठे और 179 ने परीक्षा पास की। इसके अलावा जेईई एडवांस के लिए रजिस्ट्रेशन करने वाले विदेशी उम्मीदवारों की संख्या 169 रही। इनमें से 158 परीक्षा में बैठे और 7 ने परीक्षा पास की है।

### 7,964 महिला...

परीक्षा में रजिस्ट्रेशन कराने वाले कुल छात्रों में 1 लाख 43 हजार 637 पुरुष, 42 हजार 947 महिलाएं हैं। परीक्षा देने वाले 1 लाख 80 हजार 200 छात्रों में से 1 लाख 39 हजार 180 पुरुष और 41 हजार 20 महिलाएं शामिल हैं। जबकि परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाले 48 हजार 248 उम्मीदवारों में 40 हजार 284 पुरुष और 7 हजार 964 महिलाएं शामिल हैं।

## हथियार समेत दो तस्कर गिरफ्तार 4 माह पूर्व निकला था जेल से

**मुंगेर।** बिहार में अवैध हथियार के निर्माण और सप्लाई पर रोक लगाने में अब तक कामयाबी नहीं मिल सकी है। मुंगेर के टेटियाबंबर थानान्तर्गत नक्सल प्रभावित डंगरा पहाड़ी एवं



■ **बिहार के मुंगेर में मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा**

जंगल क्षेत्र में अवैध आग्नेयास्त्र निर्माण की गुप्त सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया। छापेमारी टीम ने हथियार निर्माण में जुटे 2 धंधेबाज को हथियार बनाते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

जंगली क्षेत्र का फायदा उठाकर 2 तस्कर मौके से फरार हो गए। गिरफ्तार पवन व संटू से हुई पूछताछ में फरार की भी पहचान हो गई है। उनकी गिरफ्तारी को छापा जारी है। फैक्ट्री से पुलिस ने 3 देशी कट्टा, तीन बेस मशीन, 13 बैरल, एक जिंदा कारतूस, 4 खोखा, ड्रील मशीन, तीन पिस्तौल का बॉडी सहित काफी मात्रा में हथियार बनाने का उपकरण बरामद किया है।

टेटियाबंबर थाना में गिरफ्तार व फरार 4 धंधेबाजों पर प्राथमिकी दर्ज हुई है। यह जानकारी मुंगेर एसपी सैयद इमरान मसूद ने शनिवार को अपने कार्यालय कक्ष में पत्रकारों को दी। मौके पर हवेली खड़गपुर के डीएसपी भी मौजूद थे।

## *बुलेट को टक्कर मारने के बाद पेड़ से टकराई बोलेरो*

# अमेठी में भीषण सड़क हादसा 3 महिलाओं सहित 5 की मौत

एजेंसी ▶▶ अमेठी



यहां भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार बोलेरो कार बुलेट बाइक को टक्कर मारने के बाद पेड़ से टकरा गई। हादसे में तीन महिलाओं और एक बच्चे समेत पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घायलों को ग्रामीणों की मदद से स्थानीय सीएचसी, जिला अस्पताल और सुल्तानपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां कई की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसा इतना भीषण था कि दोनों गाड़ियों के परखच्चे उड़ गए। पूरा मामला मुंशीगंज थाना क्षेत्र के जामो भादर चौराहे का है। जहां सुल्तानपुर जिले के इस्लामगंज गांव का रहने वाला अकबर बोलेरो से परिजनों को लेकर मुंशीगंज थाना क्षेत्र के धरई माफी एक मिट्टी में शामिल होने जा रहा था। बोलेरो अभी जामो भादर चौराहे के पास पहुंची ही थी कि जामो की तरफ से आ रही बुलेट से टकराने के बाद पेड़ से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि बुलेट सवार दुर्गेश उपाध्याय पुत्र राम इकबाल और बहन वंदना की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चार वर्षीय भांजा रुद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। बोलेरो सवार महिला शाहनूर (40) पत्नी जागीर खान, शबनम (35) पत्नी दिलशाद की मौके पर ही मौत हो गई।

## बिहार में बेखौफ हैं खनन माफिया!

# बालू लदा ट्रैक्टर रोकने पर सिपाही को कुचला, मौके पर मौत



**खनन माफिया ने अवैध बालू लदे ट्रैक्टर रोकने पर ड्यूटी पर तैनात सिपाही को कुचल दिया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई।**

एजेंसी ▶▶ औरंगाबाद

औरंगाबाद के दाउदनगर थाना क्षेत्र के मुसेपुर खैरा गांव के पास अवैध बालू लदे ट्रैक्टर ने एक सिपाही को कुचल दिया, जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। पुलिस की डायल 112 की टीम ने उन्हें उठाकर दाउदनगर के निजी अस्पताल में लाए, जहां के चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार 29 वर्षीय दीपक सिंह जिला पुलिस बल के जवान थे। और दाउदनगर थाने में खनन में पदस्थापित थे। मृतक सिपाही भोजपुर जिले के आरा के सरैया थाना क्षेत्र के कुदरिया गांव के निवासी बताए जाते हैं। उनकी ड्यूटी सिपहां चेक पोस्ट से नहर वाले रास्ते में अवैध खनन को रोकने के लिए लगी हुई थी। इसी दौरान अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को खदेड़ने के क्रम में मूसेपुर खैरा के पास यह घटना घटी है। बताया जाता है पुलिस ने अवैध बालू लदे ट्रैक्टर का पीछा किया। मूसेपुर खैरा के पास सिपाही ने वाहन से उतरकर ट्रैक्टर को रोकने का प्रयास किया।

### हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ

इस दौरान ट्रैक्टर ने धक्का मार दिया, जिससे वो जख्मी होकर गिर पड़े। अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को खदेड़ने के क्रम में यह दुर्घटना हुई है। एसडीपीओ कुमार ऋषिराज, पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार, थानाध्यक्ष फहीम आजाद खान समेत अन्य पुलिस पदाधिकारियों ने अस्पताल में पहुंचकर घटना की जानकारी ली। घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। जिस व्यक्ति के ट्रैक्टर से यह घटना हुई है, उसकी पहचान कर ली गई है। एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। ट्रैक्टर को भी जब्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

## चिंतन

# पीएम मोदी 3.0 कैबिनेट में समावेशी भारत की झलक

भारत के प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी अपनी तीसरी पारी का आगाज कर चुके हैं। लगातार तीसरी बार पीएम बन कर नरेन्द्र मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के रिकार्ड की बराबरी कर ली है। पीएम मोदी के साथ करीब 65 मंत्रियों ने भी शपथ ली है। मोदी कैबिनेट में शामिल चेहरों के चयन में योग्यता, अनुभव के साथ सामाजिक भागीदारी का ध्यान रखा गया है। कैबिनेट में जहां 20 से अधिक पूर्ववर्ती सरकार में मंत्री रहे नेताओं को फिर से मौका मिला है, वहीं कई नए चेहरों को भी शामिल किया है। शिवराज सिंह चौहान, मनोहर लाल, जीतनराम मांझी, चिराग पासवान जैसे कई नेता पहली बार मंत्री बने हैं। मंत्रिमंडल में चुनावी राज्यों का खास ध्यान रखा गया है। हरियाणा में पांच सांसदों में से तीन नेता मंत्री बनाए गए हैं। महाराष्ट्र से आठ और झारखंड से दो मंत्री बनाए गए हैं। इसी वर्ष जम्मू-कश्मीर में भी विधानसभा चुनाव हो सकते हैं, जैसा कि सरकार की ओर से पूर्व में संकेत दिया गया है, सितंबर या अक्टूबर में चुनाव हो सकते हैं। इसलिए जम्मू-कश्मीर से भाजपा के दोनों सांसदों को मंत्री बनाया गया है। वर्ष 2025 के शुरू में ही दिल्ली और बिहार में चुनाव होने हैं, इसलिए इस कैबिनेट में बिहार से आठ तो दिल्ली से दो नेता मंत्री बनाए गए हैं। मोदी कैबिनेट में राजग के सभी सहयोगियों को उचित प्रतिनिधित्व दिया गया है। जदयू, टीडीपी, जदएस, एलजीपी (रामविलास), शिवसेना शिंदे, अपना दल, आरपीआई, आजसू आदि सभी छोटे बड़े घटक दलों को राजग मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। पूर्व की तरह इस बार भी मोदी ने अपने कैबिनेट में कुछ अप्रत्याशित चेहरों को शामिल कर चौंकाया है। पंजाब से चुनाव हारे रवनीत सिंह बिट्टू और तमिलनाडु से एल मरुगन को मौका दिया गया है। केरल से जीत कर आए सुरेश गोपी को भी मंत्री बनाया गया है। मोदी 3.0 में दक्षिणी राज्यों को साधा गया है। कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल और तमिलनाडु के प्रतिनिधित्व का समावेश किया गया है। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के कैबिनेट को समावेशी रूप दिया गया है। चूंकि इस बार भाजपा की यह सरकार अपने दम पर पूर्ण बहुमत की नहीं है, बल्कि राजग को मिले बहुमत की है, इसके बावजूद, उम्मीद जताई जा रही है कि पीएम के रूप में नरेन्द्र मोदी जहां सबको साथ लेकर चलेंगे, वहीं विकास को आगे लेकर जाएंगे, आर्थिक सुधार के नए चरण शुरू करेंगे और अर्थव्यवस्था को नया रूप देंगे। पीएम गरीबी उन्मूलन के लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में कार्यकरते रहेंगे। स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में सुधार को गति देंगे। पीएम के शपथग्रहण समारोह में भारत ने अपने पड़ोसियों को आमंत्रित किया, जिसमें नेपाल, भूटान, श्रीलंका, बांग्लादेश, सेशेल्स, मालदीव और मॉरीशस के राष्ट्र प्रतिनिधियों ने शिरकत की है। भारत ने स्पष्ट संदेश दिया है कि मोदी 3.0 सरकार अपने सभी पड़ोसियों से मैत्रीपूर्ण संबंध रखेगी। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की नीति चीनपरस्त रही है, वे भारत विरोध नारे के साथ सत्ता में आए हैं, इसके बावजूद नरेंद्र मोदी ने अपने शपथग्रहण रूप में मालदीव के राष्ट्रपति को आमंत्रित किया, मालदीव ने इसे स्वीकार भी किया और राष्ट्रपति मुइज्जू आए भी। भारत ने मालदीव को संदेश दिया कि वह अपना पड़ोसी धर्म निभाता रहेगा, चाहे मालदीव की भारत के प्रति जैसी भी सोच हो। भारत ने चीन को भी संदेश दिया कि मोदी सरकार अपने पड़ोसी देशों के साथ प्रगाढ़ दोस्ती कायम रखेगी। पाकिस्तान ने जरूर निराश किया, पाक पीएम ने पीएम मोदी को बधाई तक नहीं दी। उम्मीद है मोदी 3.0 सरकार समावेशी विकास, आर्थिक सुधार, राष्ट्रीय सुरक्षा सहित जनाकांक्षाओं पर खरा उतरेगी।

## सारा संसार



मनाकुला विनयगर मंदिर भारत के सबसे प्रसिद्ध गणेश मंदिर में से एक है जिसका निर्माण फ्रांसीसी क्षेत्र पांडिचेरी के दौरान किया गया था जो 1666 साल पहले का है।

## चुनावी नतीजे

चेतनादित्य आलोक



# सुनें सबकी करें जन मन की

लोकसभा 2024 चुनाव के नतीजों का पहला संदेश यह है कि समय और परिस्थितियों के अनुरूप नेताओं और राजनीतिक दलों को अपनी नीति-रीति बदलनी चाहिए, क्योंकि परिस्थितियों के साथ-राजनीति का स्वरूप भी बदलता रहता है। पिछले लोकसभा चुनाव के 37.3 प्रतिशत मत की तुलना में इस बार भाजपा के कुल मत प्रतिशत में लगभग एक प्रतिशत से भी ज्यादा की गिरावट आना तथा 2019 के मुकाबले इस बार भाजपा को लगभग 60 सीटों तथा राजग को 55 से भी अधिक सीटों का नुकसान होना इस बात को प्रमाणित करता है। इसके अतिरिक्त कुल 99 सीटें जीतने वाली कांग्रेस पार्टी को पिछली बार के 19.5 प्रतिशत मतों की तुलना में इस बार 21.2 प्रतिशत वोट मिलना भी इसी बात का परिचायक है। जरा इस चुनाव का गणित तो देखिए कि कांग्रेस को मिले कुल मतों में हुई वृद्धि दो प्रतिशत भी नहीं है, जबकि उसकी सीटों की संख्या इस बार दोगुनी हो चुकी है। इन नतीजों की दूसरी सीख यह है कि भाजपा को केवल प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे और गरीबों के लिए पांच किलो मुफ्त राशन तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं के भरोसे न रहकर उसे राजनीतिक दांव-पेंचों के निहितार्थों को भी समझना चाहिए। देखा जाए तो उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में 'राशन नहीं रोजगार' का गूंजता नारा इसी बात को प्रमाणित करता है। ऐसा प्रतीत होता है कि जनता के बीच विपक्षी दलों की ओर से दिखाया गया रोजगार का सपना मोदी के राशन की तुलना में अधिक कारगर साबित हुआ। वैसे एक मनोवैज्ञानिक सत्य भी है कि जब किसी को कोई वस्तु पहली बार मुफ्त में दी जाती है तो वह उपहार होता है, लेकिन यदि उपहार स्वरूप वही वस्तु किसी व्यक्ति को बार-बार दी जाती रहे तो वह वस्तु भी उपहार न होकर उस व्यक्ति का अधिकार बन जाता है। तात्पर्य यह कि पीएम मोदी ने जो अब तक गरीबों को पांच किलो मुफ्त राशन उपलब्ध कराया, उसे जनता ने अपना अधिकार मान लिया। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी द्वारा की गई आर्थिक न्याय की संकल्पना को मतदाताओं ने हाथों-हाथ लिया, जिसके अंतर्गत राहुल गांधी बेरोजगारों और गरीब महिलाओं के खातों में 'टकाटक' 8500 रुपये पहुंचाने और गरीबी मिटाने की बात करते देखे गए थे। यह अलग बात है कि ऐसे किसी 'टकाटक' से गरीबी समाप्त नहीं हो सकती। वैसे सियासी सूरमाओं और राजनीतिक पंडितों का इस हार के बाद सीधे-साधे यह कह देना कि देश के राजनीतिक अखाड़े से 'मोदी मैजिक' अब खत्म हो चुका है यह सच नहीं है, क्योंकि यदि ऐसा होता तो ओडिशा, दक्षिण भारत के राज्यों एवं मध्य प्रदेश, गुजरात और छत्तीसगढ़ जैसे मध्य भारत के प्रमुख राज्यों में मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा ने जिस प्रकार से अपना दबदबा कायम रखा है, वह कदापि संभव नहीं हो पाता। इन नतीजों का तीसरा संदेश यह है कि राजनीति में अति-आत्मविश्वास नहीं रखना चाहिए। कई बार राजनीतिक पार्टियां भी अपनी राजनीतिक सहूलियतों के हिसाब से जनता के बीच आत्मविश्वास को अहंकार और अहंकार को आत्मविश्वास बताने और उसे साबित करने की बवायद करती रहती हैं। चौथा और सबसे महत्वपूर्ण संदेश यह है कि पीएम मोदी सुनें सबकी और करें जन की। गौरतलब है कि इस चुनाव का एक बहुत बड़ा फैक्टर भाजपा की संवादहीनता रहा है। दरअसल, आपसी खटपट के कारण इस चुनाव में आरएसएस ने कोई भूमिका नहीं निभाई। लोकसभा चुनाव के नतीजे बताते हैं अब पीएम मोदी को अपनी गलती सुधार कर भाजपा एवं संघ के बीच की खटपट को दूर करते हुए स्वस्थ संवाद की परंपरा फिर से स्थापित करनी चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## मोदी 3.0

अखिलेश आर्येंदु

# जन भावनाओं पर खरा उतरने की चुनौती

**पिछली दो पारियों में जिन निर्णयों की वजह से मोदी के मजबूत इरादों से जनता को उनके संकल्पों के बारे में पता चला था, ऐसे निर्णय क्या फिर मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में ले पाएंगे? जिन जन भावनाओं को पूरा करने की चुनौतियां मोदी के सामने अगले पांच साल में होंगी, जिन पर खरा उतरने के साथ सहयोगी दलों की महत्वाकांक्षाओं पर भी खरा उतरने की चुनौती मोदी के सामने होगी, अभी हम कह सकते हैं कि देश हित जिसके लिए सर्वोपरि हो, वह हर चुनौती को भी पार करने का दम रखता है। हां, इतनी राहत की बात जरूर है कि सहयोगी दलों ने मोदी को बिना शर्त समर्थन दिया है उन्होंने निर्णयों में भी साथ देने की बात कही है।**

उतार चढ़ाव इस संसार का सबसे बड़ा सच है। इस सच को जो स्वीकारते हुए उचित समय पर सही निर्णय लेने के लिए खुद को बदल लेता है वह कभी हारता नहीं। इस उक्ति को किसी में चरितार्थ देखना हो तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में देखा जा सकता है। नए संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद नरेन्द्र मोदी ने जिस विश्वास और उत्साह से कहा- न हारा था न हारेंगे, वह उनके भावी कदमों और नीतियों का संकेत भर नहीं है बल्कि देशहित में लिए जाने वाले निर्णयों का सूचक भी है। पिछली दो पारियों में जिन निर्णयों की वजह से मोदी के मजबूत इरादों से जनता को उनके संकल्पों के बारे में पता चला था, ऐसे निर्णय क्या फिर मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में ले पाएंगे? जिन जन भावनाओं को पूरा करने की चुनौतियां मोदी के सामने अगले पांच साल में होंगी, जिन पर खरा उतरने के साथ सहयोगी दलों की महत्वाकांक्षाओं पर भी खरा उतरने की चुनौती मोदी के सामने होगी, अभी हम कह सकते हैं कि देश हित जिसके लिए सर्वोपरि हो, वह हर चुनौती को भी पार करने का दम रखता है। हां, इतनी राहत की बात जरूर है कि सहयोगी दलों ने मोदी को बिना शर्त समर्थन ही नहीं दिया है बल्कि पूरे मन से पांच साल तक साथ रहकर देशहित में लिए जाने वाले निर्णयों में भी साथ देने की बात कही है। गठबंधन की सरकार के स्वभाव के अनुरूप यह अच्छा कहा जा सकता है। अभी से यह किसी को नहीं सोचना चाहिए कि कहीं नीतीश कुमार और चन्द्रबाबू नायडू बीच में साथ छोड़कर चले गए तो क्या होगा।

भारतीय लोकतंत्र शुरू से भीड़ तंत्र का समर्थक रहा है। मूल्य आधारित लोकतंत्र की बात कही तो जाती है लेकिन अब राजनीति में मूल्यों की बात करना मूर्खता समझी जाने लगी है, इसलिए मोदी का तीसरा कार्यकाल भीड़ तंत्र की उफनाती भावनाओं को पूरा करने की बहुत बड़ी चुनौती हो सकती है। संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने वाले विपक्ष के आरोपों को झूठ साबित करने के लिए आरक्षण और संविधान की रक्षा के संकल्प के लिए दलितों व पिछड़ों में विश्वास पैदा करने की बड़ी चुनौती है। खासकर उत्तर प्रदेश और बिहार जहां जाति ही व्यक्ति की सबसे बड़ी पहचान, गुण और क्षमता मानी जाती है। चूंकि आरक्षण की व्यवस्था संविधान के जरिये हुई है और आजादी के बाद से ही पार्टियों के जीतने हारने का सबसे बड़ा मुद्दा रहा है, इसलिए आरएसएस के हिंदुत्व वाले एजेंडे को छोड़ने और एनडीए के सांझा एजेंडे के मुताबिक कार्य करना होगा। यह मोदी के नेतृत्व की पहली परीक्षा जैसा होगा। पिछले दो कार्यकालों में विपक्ष मजबूत नहीं था। जनता और देशहित में फैसले लेने में कोई खास दिक्कत नहीं आती थी, लेकिन इस बार ऐसा नहीं है। विपक्ष इस बार मजबूत ही नहीं, आक्रामक भी है। सरकार को बदनाम करने की कवायदें खूब होंगी। जातियों को भड़काने और लड़ाने के अवसर ज्यादा तलाश करते हुए कई दल दिखेंगे। इस चुनौती से भी इस सरकार को पार पाना होगा। इस बार विपक्ष ने आरक्षण, संविधान बचाओ के साथ-साथ बेरोजगारी और महंगाई जनता के दिल को छूने वाले मुद्दे चुनाव के वक्त जोर-शोर से उठाए थे। अगड़ा-पिछड़ा का सवाल चुनाव के



वक्त कहीं ज्यादा जोर-शोर से इस बार उठा है। उत्तर प्रदेश और बिहार में अगड़े-पिछड़े की राजनीति पर सरकारें बनती-बिगड़ती रही हैं। वीपी सिंह की सरकार आरक्षण के मुद्दे पर ही चली गई थी, इसलिए आने वाले पांच सालों में इन सभी मुद्दों से निपटना मोदी के लिए कठिन चुनौती हो सकती है। हां, प्रधानमंत्री की कार्यशैली और उनका स्वभाव जिस तरह का है उससे यह कहा जा सकता है कि इस बार वे उन सभी समस्याओं और चुनौतियों का सामना बेहतरीन ढंग से कर पाएंगे, क्योंकि उन्हें पिछले दस साल का अनुभव है। हर व्यक्ति और सरकारें अनुभवों से सीखते हैं। प्रधानमंत्री मोदी इस बात को बखूबी स्वीकार करते हैं कि वे देश समाज से हर पल कुछ न कुछ सीखते रहते हैं। पिछले मोदी काल में समान नागरिक संहिता और एनआरसी का मुद्दा अब सहयोगी पार्टियों के साथ मिलकर हल करना होगा। चंद्र बाबू नायडू आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। मुसलमानों को वहां पिछली सरकार ने 4 प्रतिशत आरक्षण धर्म के आधार पर दिया था। यह भले ही संविधान के अनुरूप न हो लेकिन चन्द्र बाबू नायडू इसकी समीक्षा कर इसे खत्म करेंगे, लगता नहीं है, क्योंकि आन्ध्र में उनकी सरकार को वोट मुसलमानों ने भी दिया है, तो उस वोट बैंक को नाराज करना वे नहीं चाहेंगे। ऐसे में भाजपा अपनी विचारधारा के खिलाफ और संविधान के खिलाफ इसे स्वीकार करेगी, इस पर कुछ कहना अभी जल्दबाजी होगी। विपक्ष ऐसे में अपने सहयोगी दलों को अपने पाले में लाने की कोशिश फिर कर सकता है, इसलिए इस बार मोदी को पहले से कहीं ज्यादा सहयोगियों को साधते-संभालते हुए चलना होगा। किसान कल्याण, ग्रामीण विकास, रोजगार, कृषि विकास को अहमियत देते हुए भुखमरी, गरीबी और कुपोषण जैसे तमाम समस्याओं को खत्म करने के लिए कहीं तेज प्रयास करने होंगे।

इसी साल महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड की विधान सभाओं के चुनाव होने हैं। मोदी के कार्य और लोकप्रियता की एक और परीक्षा इन राज्यों के चुनाव में भी परखी जाएगी, इसलिए इन राज्यों के राजनीतिक समीकरण को साधना एक चुनौती होगी। अग्निवीर योजना की एनडीए के सहयोगी दल समीक्षा करके इसे विवादों से दूर करने की बात अब जोर-शोर से उठाएंगे, इसका संकेत सहयोगी दल के नेता देने लगे हैं। इस बार आम चुनाव में हिंदू जातियों की जन गणना कराने की बात विपक्ष ने जोर शोर से उठाया। भारतीय जनता पार्टी इसे जातीय एकता और सामाजिक समरता के लिए खतरा बताकर इसे खारिज करती रही है। विपक्ष ऐसे अवसर की तलाश में रहेगा कि यह मुद्दा एनडीए के सहयोगी दल उठाएं और वह उसका समर्थन कर एनडीए की एकता को तोड़ दें। इसलिए देशहित में स्थिर सरकार के मद्देनज़र सहयोगियों को भी ऐसे मुद्दों को अहमियत देने के बजाय सांझा कार्यक्रम को ही आगे बढ़ाने पर जोर देना चहिए। फिर भी मोदी के लिए यह चुनौती रहेगी ही कि सहयोगी दल किसी भी मुद्दे को विपक्ष के लिए अवसर में न बदलने पाएं।

सब का साथ, सब का विकास, सब का विश्वास और सब का प्रयास जैसे नारों की समीक्षा भी इस नई सरकार को करनी होगी। नीतियों में पहले से ज्यादा सहमति बनाकर आगे बढ़ने की चुनौती भी कम नहीं होगी। जो जनहितकारी नीतियां केंद्र राज्यों में लागू करेगी अब उसे सहयोगियों की सहमति से ही लागू करना होगा।

चुनावी घोषणा पत्रों की परीक्षा भी अगले पांच सालों में होनी है, खासकर एनडीए में शामिल दलों के घोषणा पत्रों की। सहयोगी दल चाहेंगे कि उन्होंने जनता से जो वादे किए थे मोदी सरकार उसे लागू करे। सहयोगी दलों की घोषणा पत्रों में क्षेत्रगत समस्याओं को दूर करने के भी वादे हुआ करते हैं। उन वादों को सहयोगी दल पूरा करवाने के लिए दबाव बना सकते हैं। यह भी मोदी के लिए चुनौती होगी। जिसमें देश प्रथम समाया हो, उसके लिए चुनौतियां भी समाधान जैसी हो जाती हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# चेतना का मूल आधार है अस्तित्व का ज्ञान



संकलित

दर्शन

जब हम दर्शनशास्त्र का अध्ययन करते हैं, तो हमें यह ज्ञान होता है कि संपूर्ण विश्व एक है। आध्यात्मिक, भौतिक, मानसिक तथा प्राण-जगत भिन्न-भिन्न नहीं हैं। समस्त विश्व, यहां से वहां तक, एक है। बात इतनी ही है कि अलग-अलग दृष्टिकोण से देखे जाने के कारण वह विभिन्न प्रतीत होता है। 'मैं शरीर हूं, इस भावना से जब तुम अपनी ओर देखते हो तो यह भूल जाते हो कि मैं मन भी हूं'। और, जब तुम अपने को मनोरूप में देखने लगते हो, तो तुम्हें अपने शरीरत्व की विस्मृति हो जाती है। विद्यमान वस्तु केवल एक है और वह तुम हो। वह तुम्हें जड़ या शरीर के रूप में अथवा मन या आत्मा के रूप में दिख सकती है। जन्म, जीवन, मरण ये सब भ्रम मात्र हैं। न कोई कभी मरता है और ना कोई कभी जन्म लेता है। होता इतना ही है कि मनुष्य एक स्थिति से दूसरी स्थिति में चला जाता है। लोगों को मृत्यु से इतना भय पाते देख मुझे बहुत दुख होता है। वे मानो जीवन को पकड़ कर रखने की सतत चेष्टा करते रहते हैं। वे कहते हैं कि मृत्यु के बाद हमें जीवन दो। हमें मरणोत्तर जीवन दो। यदि कोई आए और उन्हें बताए कि मृत्यु के बाद भी वे विद्यमान रखेंगे, तो वे कितने आनंदित होते हैं? वस्तुतः मनुष्य के अमरत्व में मैं अविश्वास ही किस तरह कर सकता हूं? मैं मृत हूं, यह कल्पना ही मैं किस प्रकार कर सकता हूं? तुम यदि अपने को मृत सोचने की कोशिश करो तो देखोगे कि तुम अपने मृत शरीर को देखने के लिए वर्तमान हो ही।

# किसी के बारे में पहले से राय नहीं बनानी चाहिए



संकलित

प्रेरणा

बुद्ध अपने शिष्यों को अलग-अलग घटनाओं की मदद से भी उपदेश दिया करते थे। उनका एक शिष्य ऐसा था जो किसी से ज्यादा कुछ बोलता नहीं था। वह सिर्फ अपने काम पर ध्यान देता, काम पूरा होने के बाद एकांत में चला जाता। वह ध्यान में बैठे रहता था। कुछ शिष्य बुद्ध से एकांत में रहने वाले शिष्य की शिकायतें करने लगे। धीरे-धीरे उस शिष्य की बुराई ज्यादा होने लगी। बुद्ध के पास उस शिष्य की शिकायतें और ज्यादा पहुंचने लगी तो बुद्ध ने सोचा कि इस शिष्य से बात करनी होगी, उसके लिए इतनी शिकायतें क्यों आ रही हैं? एक दिन बुद्ध ने एकांत में रहने वाले शिष्य से पूछा कि तुम ऐसा क्यों करते हो? सभी लोग तुम्हारी शिकायतें कर रहे हैं। उस शिष्य ने कहा कि तथागत आपने घोषणा कर रखी है कि कुछ दिनों में आप ये संसार छोड़ देंगे तो मैंने ये तय किया है कि जब तक आप यहां हैं, मैं आपसे एकांत और मौन का महत्व समझ लूं। आपके बाद मुझे इन बातों को कोई और कैसे समझाएगा। शिष्य की बातें सुनकर बुद्ध ने अन्य शिष्यों से कहा कि तुम सभी इस शिष्य की गलत शिकायतें कर रहे हो। तुम लोगों ने इसे जाने बिना इसके बारे अपनी गलत राय बना ली है। तुमने देखा कुछ और समझा कुछ। तुम सभी की आदत है कि दूसरों को गलत तरीके से परखते हो।ध्यान रखें हमें किसी भी व्यक्ति के लिए जल्दबाजी में कोई राय नहीं बनानी चाहिए। किसी व्यक्ति से मिलते समय उसके बारे में पहले से कोई राय न बनाएं। पहले उस व्यक्ति की गतिविधियों को देखें, समझें और फिर किसी नतीजे पर पहुंचना चाहिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### पर्यावरण को खुद नुकसान पहुंचा रहा इंसान

इस साल तापमान बहुत तेजी से बढ़ा है। भारत के कई शहरों में पारा 50 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है, यह अत्यंत गंभीर स्थिति है। इस स्थिति का एक प्रमुख कारण पर्यावरण प्रदूषण या प्रकृति का दोष है। इस कारण प्रकृति पर ग्लोबल वार्मिंग की स्थिति बन गई है। इसी कारण पर्यावरण को हो रहे नुकसान का सबसे बड़ा दुश्मन वर्तमान में इनसान ही है। मानव रोजाना कई गलतियों से पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है। आने वाली पीढ़ियों के लिए रहने योग्य पर्यावरण बचाने के लिए बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की सीख देनी चाहिए। उन्हें पर्यावरण संरक्षण के तरीके बता सकते हैं। बच्चों को प्लास्टिक और पॉलीथिन के इस्तेमाल करने से रोकना आवश्यक है क्योंकि इस दोनों का बड़ी मात्रा में इस्तेमाल होता है जो कि सदा प्रदूषण का कारण है। *– श्रवण पांडे, बलौदा बाजार*

## ट्रेंड

### साथ आने का समय



मुझे समुद्र के पास बड़ा होने का सौभाग्य मिला। मुझे यह देखकर दुख होता है कि मानव गतिविधि इसे कैसे नष्ट कर रही है। अब सरकारों, व्यवसायों, निवेशकों, वैज्ञानिकों और समुदायों के लिए हमारे महासागर को बचाने के लिए एक साथ आने का समय आ गया है।

-एंटोनियो गुटेरेस, यूएन महासचिव

### शांति लाने में असमर्थ



जब हम खुद को शांति की भावना में लाने में असमर्थ होते हैं, तो हर छोटे मुद्दे को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है। हर छोटी-छोटी बात के लिए हम एक-दूसरे से झगड़ने लगते हैं।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु


### नीट परीक्षा में हुई धांधली



मोदी ने अभी शपथ भी नहीं ली और नीट परीक्षा में हुई धांधली ने 24 लाख से अधिक स्टूडेंट्स और उनके परिवारों को तोड़ दिया है। एक ही एग्जाम सेंटर से 6 छात्र मैक्सिमम मार्क्स के साथ टॉप कर जाते हैं, लेकिन सरकार लगातार पेपर लीक की संभावना को नकार रही है।

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### आप कौन हैं



सबसे पहले, यह एक इरादा है। फिर एक व्यवहार, फिर एक आदत उसके बाद फिर एक अभ्यास। तब यह दूसरी प्रकृति बन जाती है। अंततः, यह बस इतना ही है कि आप कौन हैं।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# इमरान पाक की राजनीतिक सुलह में बाधक : नवाज



पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने कहा कि इमरान खान देश में राजनीतिक सुलह लिए मुख्य बाधा हैं। मीडिया की खबरों में यह जानकारी दी गई। इसमें बताया गया कि नवाज ने इस बात पर भी जोर दिया कि उनकी सत्तारूढ़ पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज किसी भी पार्टी से बदला नहीं लेने की भावना के साथ देश में राजनीतिक सुलह के लिए प्रतिबद्ध है। नवाज शरीफ ने सांसदों के साथ एक बैठक के बाद यह टिप्पणी की। बैठक में इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ पार्टी के साथ बातचीत के मुद्दे पर चर्चा की गई। सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज के अध्यक्ष शरीफ ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री खान खुद हमारे साथ मुद्दों को सुलझाने और बातचीत करने के लिए गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं, जिससे कोई निष्कर्ष नहीं निकल रहा है। उन्होंने बातचीत की व्यवहार्यता पर सवाल उठाया क्योंकि पीटीआई इसे सुलझाने के लिए ज्यादा रुचि नहीं दिखा रही है। नवाज शरीफ ने पार्टी के सांसदों से कहा, 'जब कोई पक्ष गंभीर ही नहीं है तो वह बातचीत कैसे कर सकते हैं?' उन्होंने पिछली कई घटनाओं का उदाहरण दिया जब खान ने पीएमएल–एन के साथ संबंधों को सुधारने वाले प्रस्तावों को ठुकरा दिया था।

## ऑफ बीट

# दिमाग के लिए पानी पीना बहुत जरूरी है

'बैलरैट क्लेरेंडन कॉलेज' ने पिछले महीने पांचवीं से नौवीं कक्षा के छात्रों के लिए कक्षा में पानी की बोतलों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाकर एक परीक्षण किया। स्कूल के अनुसार, 'प्रारंभिक प्रतिक्रिया' से संकेत मिलता है कि ऐसा करने से कक्षा के दौरान शोर कम हुआ और शौचालय जाने के लिए छात्रों के 'ब्रेक' लेने में कमी आई। पानी की बोतलें अब स्कूल के लिए जरूरी मानी जाती हैं लेकिन सवाल यह है कि बच्चों को एक दिन में कितना पानी पीने की जरूरत होती है? इसका उनके दिमाग पर क्या असर पड़ता है? बच्चों और किशोरों को कितने तरल पदार्थ की जरूरत होती है? यह मौसम और शारीरिक गतिविधियों पर निर्भर करता है कि बच्चों को कितने तरल पदार्थ की जरूरत है लेकिन सामान्य तौर पर : चार से आठ साल के बच्चों को प्रतिदिन लगभग 1.2 लीटर पानी पीना चाहिए। नौ से 13 साल के लड़कों को 1.6 लीटर पानी पीना चाहिए। नौ से 13 साल की लड़कियों को 1.4 लीटर पानी पीना चाहिए। चौदह साल से अधिक उम्र के लड़कों को 1.9 लीटर पानी पीना चाहिए।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### टॉरेंट समूह का एक साल में बाजार पूंजीकरण दोगुना

**मुंबई।** विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाले टॉरेंट समूह का बाजार पूंजीकरण 1.68 लाख करोड़ रुपये हो गया। फार्मा से लेकर ऊर्जा तक के कारोबार में मजबूत वृद्धि के कारण समूह का बाजार मूल्यांकन एक साल में लगभग दोगुना हो गया है। छह जून, 2023 को टॉरेंट समूह का बाजार पूंजीकरण 10.8 अरब डॉलर (90,230 करोड़ रुपये) था।

### बिनौला मजबूत, तेल की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** सहकारी संस्था हाफेड की ओर से सरसों बिक्री के लिए निविदा मंगाने के बीच बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में बाकी सभी तेल तिलहन कीमतों पर दवाब कायम हो गया तथा उनके दाम में गिरावट आई। सरसों के महंगा होने से सरसों खल की जगह बिनौला खल की मांग बढ़ने से केवल बिनौला तेल और बिनौला खल के दाम मजबूत बंद हुए। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि सरसों बिक्री की यह पहल ऐसे समय में हो रही है जब किसानों के पूरी ऊपज अभी खपे नहीं हैं।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**ज्योतिष**

सबको आजमाया बार-बार हमें आजमाये सिर्फ एक बार
तंत्र-मंत्र के सम्राट
जिसे होगा ज्ञान वही करेगा काम सभी समस्याओं का समाधान

बाबा अकबर खान
स्पे. प्रेम विवाह, किया कराया, कारोबार, शादी में रूकावट गृहक्लेश, विदेश यात्रा, मुठकरनी, सौतन व दुश्मन से छुटकारा, A to Z सभी समस्याओं का तुरंत समाधान पायें।
9810842229
बी-5, बलराम हाऊस, मिलने सिनेमा के सामने, करमपुरा, नई दिल्ली-110015

# भारत के टॉप दस अमीरों में पहले स्थान से अदाणी फिसले, कई के बदले रैंक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- सूची में अंबानी पहुंच पहले स्थान पर

पिछले हफ्ते अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अंबानी को पछाड़ते हुए एशिया के सबसे अमीर आदमी की पदवी हासिल कर ली थी।

हालांकि, इसके बाद आए लोकसभा चुनाव के नतीजों ने शेयर मार्केट को तगड़ा झटका दिया और निवेशकों ने ऐतिहासिक रूप से एक ही दिन में 31 लाख करोड़ रुपए गंवाए थे।

फोर्ब्स की रियल टाइम बिलेनियर लिस्ट के हालिया आंकड़ों के अनुसार, मुकेश अंबानी अभी भी देश के सबसे रईस शख्स हैं। उनके दोनों बेटे आकाश अंबानी एवं अनंत अंबानी और बेटी ईशा अंबानी अब कारोबार की कई जिम्मेदारियां संभाल रहे हैं। मुकेश अंबानी की नेट वर्थ 110.9 अरब डॉलर आंकी गई है। दूसरे नंबर पर गौतम अदाणी 77.8 अरब डॉलर की नेट वर्थ के साथ मौजूद हैं। उनके दोनों बेटे जीत और करण अदाणी भी बिजनेस का अहम हिस्सा बन चुके हैं।

**फोर्ब्स ने जारी की रियल टाइम बिलेनियर सूची**

### टॉप 10 में इन अमीरों ने भी बनाई जगह

इस लिस्ट में छठे नंबर पर सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के सायरस पूनावाला हैं। उनकी नेट वर्थ 21.3 अरब डॉलर है। आदित्य बिड़ला ग्रुप के कुमार मंगलम बिड़ला को 20.9 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 7वां स्थान हासिल हुआ है। इसके बाद 8वें नंबर पर 20.6 अरब डॉलर के साथ राधाकिशन दमानी, 9वें नंबर पर 17.3 अरब डॉलर के साथ केपी सिंह और 10वें नंबर पर लक्ष्मी मित्तल 16.3 अरब डॉलर नेट वर्थ के साथ हैं।



### शिव नादर चौथे और दिलीप सांघवी 5वें स्थान पर

एचसीएल इंटरप्राइजेज के मालिक शिव नादर की नेट वर्थ 30.7 अरब डॉलर है। वह अमीरों की लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं. सन फार्मा के दिलीप सांघवी 23.9 अरब डॉलर वेल्थ के साथ 5वें नंबर पर रहे हैं। उनके नेतृत्व में सन फार्मा 5 अरब डॉलर की वैल्यूएशन हासिल करने वाली देश की पहली फार्मास्यूटिकल कंपनी बनी है।

### सावित्री जिंदल तीसरे पायदान पर आ गईं

तीसरा नंबर हासिल हुआ है जेएसडब्लू ग्रुप की सावित्री जिंदल एवं फैमिली को। उनकी नेट वर्थ 36 अरब डॉलर हो चुकी है। इस साल सावित्री जिंदल ने कई अमीरों को इस लिस्ट में पीछे छोड़ा है। वह भारत की सबसे अमीर महिला भी हैं। उनके बेटे पृथ्वीराज जिंदल, सज्जन जिंदल, रतन जिंदल और नवीन जिंदल कई अहम जिम्मेदारियां संभालते हैं।

### एयरलाइन के आदित्य घोष ने दी जानकारी

# आकासा एयर मुनाफे की राह पर, अधिक अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शुरू होंगी : सह-संस्थापक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- एयरलाइन दक्षिण एशिया तथा दक्षिण पूर्व एशिया के लिए उड़ान भरेगी
- एयरलाइन में 4000 से अधिक कर्मचारी कार्यरत है

आकासा एयर के सह-संस्थापक आदित्य घोष ने बताया कि एयरलाइन मुनाफे की राह पर है और वह दक्षिण एशिया तथा दक्षिण-पूर्व एशिया सहित अधिक अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए उड़ान भरेगी। आकासा एयर के पास 24 विमानों का बेड़ा है और उसके 4,000 से अधिक कर्मचारी हैं।

राष्ट्रीय राजधानी में एक साक्षात्कार में घोष ने कहा कि भारत में एयरलाइंस उद्योग तेजी से बढ़ रहा है। घोष ने अन्य भूमिकाओं के अलावा, 2018 तक दस वर्ष इंडिगो के अध्यक्ष और पूर्णकालिक निदेशक के रूप में कार्य किया है। उन्होंने कहा कि आकासा को ग्राहक केंद्रित और कर्मचारी केंद्रित संगठन बनाने के साथ ही वित्तीय रूप से टिकाऊ व्यवसाय बनाना भी महत्वपूर्ण है।

**आकासा एयर के पास 24 विमानों का बेड़ा है**





### छोटे शहरों में भी विस्तार किया जाएगा

एयरलाइन के पास इस समय 24 छोटे आकार के बोइंग 737 मैक्स विमानों का बेड़ा है। घोष ने कहा, 'हमने दोहा के लिए उड़ान भरना शुरू कर दिया है, जेद्दा के लिए उड़ानों की घोषणा की है, हम पश्चिम एशिया में और अधिक गंतव्यों पर जाने वाले हैं। हम दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया में भी जाएंगे। साथ ही भारत के छोटे शहरों में भी विस्तार करेंगे, क्योंकि वहां बहुत संभावनाएं हैं।'

*15 जुलाई से जेद्दा के लिए उड़ानें*
*एयरलाइन 15 जुलाई से जेद्दा के लिए उड़ानें शुरू करेगी। इसके पास कुवैत और रियाद के लिए यातायात अधिकार भी हैं। यह पूछने पर कि क्या आकासा एयर अपने बेड़े में चौड़े आकार के विमान भी शामिल कर सकती है, उन्होंने कहा कि लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले व्यवसाय मॉडल एक प्रकार के बेड़े पर केंद्रित रहते हैं।*

*सबसे कम ग्राहकों की शिकायतें :*
*घोष ने इस बात पर जोर दिया कि आकासा एयर लाभप्रदता के मार्ग पर है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि आकासा में हम लाभप्रदता के रास्ते पर हैं... हम इस पर दृढ़ता से ध्यान केंद्रित कर रहे हैं... हमने बेहतर परिचालन भरोसा, सबसे कम ग्राहक शिकायतें, उच्चतम लोड कारक, सबसे कम रद्दीकरण देखा है।'*

### एक रनवे पर दो विमान, डीजीसीए कर रहा जांच

मुंबई हवाई अड्डे पर इंडिगो विमान के उतरने के एक मिनट से भी कम समय में एयर इंडिया का एक विमान उसी हवाई पट्टी से उड़ान भरने लगा। अधिकारियों ने रविवार को कहा कि मामले की जांच नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) कर रहा है। उन्होंने कहा कि डीजीसीए ने शनिवार को घटना के समय ड्यूटी पर मौजूद एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (एटीसी) को निलंबित कर दिया है, जबकि इंडिगो ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### एसटीसीओ को हटा दिया गया

एक ही रनवे पर एक विमान के उतरने और दूसरे विमान के उड़ान भरने का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया गया है। डीजीसीए के एक अधिकारी ने कहा, 'हम जांच कर रहे हैं और घटना में शामिल एटीसीओ को पहले ही ड्यूटी से हटा दिया गया है।' मुंबई हवाई अड्डा एकल रनवे पर संचालित होता है, जिसमें दो क्रॉसिंग रनवे हैं।

### एक रनवे पर प्रति घंटे 46 विमान उड़ते व उतरते हैं

मुंबई हवाई अड्डे के एक रनवे आरडब्ल्यू27 पर प्रति घंटे लगभग 46 आगमन और प्रस्थान होते हैं। इंडिगो ने बयान में कहा, 'आठ जून को इंदौर से इंडिगो की उड़ान 6ई 6053 को मुंबई हवाई अड्डे पर एटीसी द्वारा उतरने की मंजूरी दी गई। प्रभारी पायलट ने एप्रोच और लैंडिंग जारी रखी और एटीसी के निर्देशों का पालन किया।'

### नियमों का पालन नहीं किया गया

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के एक सूत्र ने कहा कि नियम के अनुसार, प्रस्थान करने वाले विमानों को हवाई पट्टी के अंत को पार करना होता है या मोड़ लेना होता है, जिसके बाद ही एटीसी आने वाले विमानों के लिए उतरने की मंजूरी जारी कर सकता है। उन्होंने कहा, 'कथित रूप से इस मामले में इन नियमों का पालन नहीं किया गया।'

# आसुस को भारत के पीसी बाजार में दिखे बड़े अवसर

एजेंसी ▶▶| ताइपे



- भारत का पर्सनल कंप्यूटर बाजार बाकी दुनिया से बेहतर
- भारत में प्रति घर पीसी की पहुंच 10 से 11 फीसदी

भारत का पर्सनल कंप्यूटर (पीसी) बाजार बाकी दुनिया से बेहतर है और लोगों तक उपकरणों की कम पहुंच ताइवान की प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनी आसुस के लिए वृद्धि का अच्छा अवसर दे रही है। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने यह बात कही है। ताइवानी पीसी विनिर्माता ने भारतीय बाजार में सकारात्मक वृद्धि देखी है।

आसुस इंडिया के उपभोक्ता और गेमिंग पीसी के उपाध्यक्ष अर्नोल्ड सु ने बताया, 'भारत में प्रति घर पीसी की पहुंच करीब 10 से 11 प्रतिशत है। इसका मतलब है कि करीब 90 प्रतिशत भारतीय घरों में अभी भी पीसी नहीं है, जिसका मतलब है कि यह हमारे लिए बहुत अच्छा अवसर है।'सु ने कहा कि आसुस भारत में निवेश जारी रखे हुए है और अपने उत्पाद को पूरे देश में उपलब्ध करा रहा है। /"... अगर आप आज भारत में देखें, तो 750 जिलों में से हम लगभग 450 जिलों तक पहुंच बना चुके हैं।/ एशिया-प्रशांत पीसी कारोबार इकाई के लिए आसुस के महाप्रबंधक पीटर चांग ने बताया कि कोविड महामारी के बाद, कंपनी को वैश्विक स्तर पर और भारत में पीसी की मांग में बहुत सकारात्मक संकेत नहीं मिले हैं। चांग ने कहा, /"बहुत जल्द ही बाजार सामान्य हो जाएगा। इसके अलावा, मुझे लगता है कि भारत का पीसी बाजार बाकी दुनिया से बेहतर है।/"

दोनों खंड में मांग में कमी के कारण जनवरी-मार्च 2023 तिमाही में भारतीय बाजार में पर्सनल कंप्यूटर की बिक्री सालाना आधार पर लगभग 30 प्रतिशत घटकर 29.92 लाख इकाई रह गई।

### मार्च 2022 के तिमाही में 83 लाख इकाई भेजी गई

इंटरनेशनल डेटा कॉरपोरेशन (आईडीसी) वर्ल्डवाइड क्वार्टरली पर्सनल कंप्यूटिंग डिवाइस ट्रैकर के अनुसार, मार्च 2022 तिमाही में भारत में 42.82 लाख पीसी इकाई भेजी गईं।

# वैश्विक संकेत शेयर बाजारों को देंगे दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



अमेरिका में फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसले, घरेलू मुद्रास्फीति के आंकड़े और वैश्विक रुझान इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल तय करेंगे। विश्लेषकों ने यह राय जाहिर की। पिछले सप्ताह आम चुनाव के नतीजों और आरबीआई नीति समीक्षा के बीच बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। बाजार मजबूत लाभ के साथ बंद हुए, लेकिन उससे पहले भारी गिरावट भी हुई। बीते सप्ताह में, बीएसई सेंसेक्स 2,732.05 अंक या 3.69 प्रतिशत बढ़ा, जबकि निफ्टी 759.45 अंक या 3.37 प्रतिशत चढ़ा। शुक्रवार को दिन के कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,720.8 अंक या 2.29 प्रतिशत उछलकर 76,795.31 के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स 1,618.85 अंक या 2.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,693.36 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

*फेड के फैसले का पड़ेगा असर:*
*मास्टर कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह नंदा ने कहा कि बाजार का परिदृश्य प्रमुख घरेलू और वैश्विक आर्थिक आंकड़ों से तय होगा। उन्होंने कहा कि भारत में डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति, चीन में सीपीआई मुद्रास्फीति, ब्रिटेन में जीडीपी के आंकड़े, अमेरिका में सीपीआई के आंकड़े और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसले से बाजार की आगामी दिशा तय होगी।*

# रिलायंस ज्वेल्स ने विवाहम कलेक्शन किया लॉंच

**मुंबई।** भारत के सबसे विश्वसनीय आभूषण ब्रांडों में से एक, रिलायंस ज्वेल्स ने दुल्हनों के लिए अपने नये कलेक्शन, अद्वितीय विवाहम कलेक्शन का लॉन्च किया है। यह कलेक्शन देश के विभिन्न हिस्सों से ब्राइडल लुक का प्रतिनिधित्व करने वाले आभूषणों को प्रस्तुत करती है। सोने और हीरे में तैयार किये गए, यह कलेक्शन भव्य भारतीय शादियों की मंत्रमुग्ध करने वाली भावना को समेटे हुए है इसमें 14 से अधिक विविध रूप शामिल हैं, जो दिल्ली, यूपी, बिहार, उड़ीसा, पंजाब, महाराष्ट्र, बंगाल, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक जैसे 9 क्षेत्रों की सांस्कृतिक धरोहर को दर्शाते हैं। लॉन्च के साथ ही, रिलायंस ज्वेल्स ने 'द क्वीन इन यू' कैंपेन की शुरुआत की है, जिसमें भारत भर की दुल्हनों को उनके इस ख़ास दिन पर शाश्वत सुंदरता और गरिमा को प्रदर्शित किया गया है। विवाहम कलेक्शन में हर भारतीय दुल्हन की व्यक्तिगत शैली और पसंद के अनुरूप आभूषणों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है, जो पारंपरिक शादी समारोह के साथ प्री-वेडिंग इवेंट्स और सगाई की क्षेत्रीय विशेषताओं को पूरा करती है। इस कलेक्शन में सोने और हीरे के पारंपरिक आभूषण शामिल हैं, जिनमें चोकर नेकलेस, लंबे हार, कंगन, मांगटीका, अंगूठियां, माथा पट्टी, इयर रिंग्स, बाजूबंद, और कमरबंद शामिल हैं।



## राशिफल

**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

# पश्चिम विहार दिल्ली में सजी कवियों की महफ़िल

भाषा ▶▶| नई दिल्ली



पश्चिम विहार दिल्ली में राजेश्वरी फ़िल्म प्रोडक्शन आनन्द उत्सव समर कार्निवल की ओर से भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। मनोज अग्रवाल, अमन परवाना जी,राजेश्वरी एवं धर्मेंद्र सिंह जी ने समर कार्निवल आनन्द उत्सव के उपलक्ष्य में कवि सम्मेलन का आयोजन किया ।कवि सम्मेलन में विभिन्न राज्यों से आए कवियों ने समाँ बांधा।अपनी प्रस्तुतियों द्वारा लोगों का मन मोह लिया ।कवियों का काव्य पाठ इतना मोहक था कि श्रोता स्थान पर बने रहे।कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि SHO पुलिस मनोज कुमार रहे अध्यक्ष सुप्रसिद्ध कवि वरिष्ठ साहित्यकार श्री योगेश समदर्शी रहे।कवि सम्मेलन का लाइव प्रसारण राजेश्वरी प्रोडक्शन एवं मनोज अग्रवाल जी द्वारा किया गया ।वरिष्ठ साहित्यकार योगेश समदर्शी ने सरस्वती वन्दना करके काव्य पाठ प्रारम्भ किया ।डा.नाथू लाल लोटवाड़ा ने "ऐसी जमीं तलाशी जाए"कवयित्री सीमा रंगा जी ने गर्मी एवं नारी के ऊपर दोहों से समां बांधा,जय सिंह जीत ने बेटियों, युवाओं पर मुक्तक से मंत्रमुग्ध किया योगेश समदर्शी जी ने घनाक्षरी छन्द द्वारा व्यंग्य व चुटकुलों से सबको हंसने पर मजबुर कर दिया , रजनीश त्यागी जी ने ग़ज़ल से सबका दिल जीत लिया,रमेश गंगेल ने कवि की महत्ता व बुजुर्गों का सम्मान कैसे हो बताया,राजवीर खोरडा ने प्रेम पढ़कर मंच की शोभा बढ़ाई ,पवन शून्य ने हरियाणवी कविता सुनाकर सबका मन मोह लिया ।श्री मनोज अग्रवाल जी ने सभी कवियों का सम्मानित किया। मंच का संचालन मुकेश शर्मा द्वारा किया गया। मुकेश जी ने संचालन के समय सुनाएं चुटकुलों से मंच की शोभा बढ़ाई।

# पाकिस्तान, आईएमएफ नई आयकर दरों पर असहमत

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद





पाकिस्तान और आईएमएफ के बीच देश में वेतनभोगी और गैर-वेतनभोगी व्यक्तियों के लिए नयी आयकर दरों तथा कृषि और स्वास्थ्य क्षेत्र की वस्तुओं पर 18 प्रतिशत बिक्री कर लगाने को लेकर सहमति नहीं बन सकी है। एक मीडिया रिपोर्ट में रविवार को बताया गया कि इस वजह से दोनों पक्षों के बीच वार्ता बिना किसी नतीजे के खत्म हो गई। पाकिस्तान और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अधिकारियों ने कराधान और ऊर्जा क्षेत्र से संबंधित लंबित मुद्दों पर शुक्रवार को चर्चा की। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार ने सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि दोनों पक्ष आयकर सीमा, वेतनभोगी और गैर-वेतनभोगी दरों के विलय और व्यक्तियों के लिए अधिकतम आयकर दर पर अपने मतभेदों को हल नहीं कर सके। सूत्रों ने बताया कि इस बात पर चर्चा चल रही है कि ऐसे वेतनभोगी और गैर-वेतनभोगी व्यक्ति, जिनकी मासिक आय 4,67,000 पाकिस्तानी रुपये से थोड़ी अधिक है, उनसे 45 प्रतिशत की नयी भारी-भरकम आयकर दर वसूली जाए या नहीं। इस समय पांच लाख पाकिस्तानी रुपये से अधिक की मासिक आय पर 35 प्रतिशत की अधिकतम दर लागू है।

*कर योग्य आय की वार्षिक सीमा बढ़ाने का प्रस्ताव :*
*सरकार के कर योग्य आय की वार्षिक सीमा को बढ़ाकर नौ लाख पाकिस्तानी रुपये करने के प्रस्ताव पर आईएमएफ ने अधिकतम आयकर दर को 35 प्रतिशत से बढ़ाकर 45 प्रतिशत करने की मांग की है।*

## शब्द पहेली - 5537



**बाएँ से दाए**
1. पावर हाऊस -5
4. दिमागी, कल्पित-4
7. हृदय-2
8. खोदना-3
9. प्रचार वाक्य, स्लोगन-2
10. नुकीला-4
11. कलिका-2
13. प्यारा, लाडला-3
14. विशिष्ट, विशेष-2
15. खर्च, उपभोग-3
17. नौका-2
19. नाम करण-2,3
22. चमकीला-5
25. महोदय (अंग्रेजी-2)
26. रनिवास, जनवासा-3
28. संध्या, सांझ-2
29. दलना, महीन करना-3
30. जस, सम्मान -2
32. कारागृह-4
34. आलाप, लय, सुर-2
36. पागल स्त्री-3
37. इंकार, मना-2
38. सराबोर, सना हुआ -4
39. वेश्या, तवायफ-5

**ऊपर से नीचे**
1. चूहे का घर-2
2. नेता-3
3. सार-संभार-2,3
4. आदर्श, कसौटी-3
5. छाती-2
6. अचरज भरा कार्य-4
7. हृदय को ठेस लगना-5
10. अनवरत वर्षा-4
12. जूं का अंडा-2
16. ओट, घूंघट-3
17. मां के पिता-2
18. दुख, कष्ट-2
20. राष्टीय पक्षी-3
21. पत्र, लैटर-2
22. गुप्तचर, दूत-2
23. कपड़ों के टुकड़े (अंग्रेजी-4)
24. रवानगी, प्रस्थान करना-3,2
25. समयुगीन, समवर्ती-5
26. बंद, स्ट्राइक-4
27. सुरा, शराब-2
31. वचन, प्रतिज्ञा-3
33. बंदर-3
35. नथनी, नथिया-2
37. शहद-2

**शब्द पहेली- 5536 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | र | म | म | सा | ला | | क | दा | चा | र |
| ती | खा | | हा | | चा | क | र | | र | वा |
| वि | | अ | ज | ग | र | | म | ल | | य |
| धी | मा | प | न | | | म | | की | म | त |
| ही | | ल | | श | ता | न | न | | जा | |
| न | म | क | दा | नी | | मा | न | सि | क | ता |
| | क | | म | च | ल | ना | | या | | र |
| अ | र | ज | | र | | | ऐ | रा | व | त |
| ह | | स | द | | न | रो | त | म | | म्य |
| म | न | | ख्र | स | म | | बा | | टा | पू |
| क | र | त | ल | | श | रा | र | त | पू | र्ण |



# टी20 विश्व कप : पहली बार कोई टीम 200 रन पार

## ऑस्ट्रेलिया ने बनाए 201 रन, इंग्लैंड को 36 रन से हराया

एजेंसी ⏭ ब्रिजटाउन

ऑस्ट्रेलिया ने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के उपयोगी योगदान और गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के दम पर टी20 विश्व कप में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड को 36 रन से हराया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 201 रन बनाए जो वर्तमान विश्व कप में किसी टीम का अभी तक सर्वोच्च स्कोर है। इंग्लैंड की टीम इसके जवाब में 6 विकेट पर 165 रन ही बना पाई। ऑस्ट्रेलिया की यह लगातार दूसरी जीत है जिससे वह ग्रुप बी में शीर्ष पर पहुंच गया है। इंग्लैंड को अभी पहली जीत का इंतजार है। उसे अब ओमान और नामीबिया का सामना करना है जबकि स्कॉटलैंड के खिलाफ मैच बारिश की भेंट चढ़ जाने के कारण उसे अंक बांटने पड़े थे।




### ऑस्ट्रेलिया ने खेला आक्रामक क्रिकेट

पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद डेविड वार्नर (16 गेंद पर 39 रन) और ट्रेविस हेड (18 गेंद पर 34 रन) ने पहले 5 ओवर में 70 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया को आक्रामक शुरुआत दिलाई। इन दोनों के चार रन के अंदर पवेलियन लौट जाने के बाद कप्तान मिशेल मार्श और ग्लेन मैक्सवेल ने जिम्मेदारी संभाली। मार्श ने 25 गेंद पर 35 रन बनाए। मैक्सवेल ने 25 गेंद पर तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 28 रन बनाए। इसके बाद मार्कस स्टोइनिस ने 17 गेंद पर 30 और पैट कमिंस ने 10 गेंद पर नाबाद 17 रन बनाकर उपयोगी योगदान दिया।

### वर्ल्ड कप में बना अजीबोगरीब रिकॉर्ड

इस मुकाबले में एक अजीबोगरीब रिकॉर्ड भी बना। दरअसल, यह टी20 वर्ल्ड कप के उन मैचों में शुमार हो गया, जहां दोनों टीमों का एग्रीगेट (ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को मिलाकर स्कोर) 366 रन बना और किसी भी टीम की ओर से कोई अर्धशतक नहीं आ सका। टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड का स्कोर इस लहिज से सर्वाधिक है।

**बिना किसी 50+ स्कोर के रन**

| रन | टीमें | वर्ष |
|---|---|---|
| 388 | इंग्लैंड/न्यूजीलैंड | 2013 |
| 375 | माल्टा/बुल्गारिया | 2020 |
| 369 | अफगानिस्तान/जिम्बाब्वे | 2016 |
| 366 | ऑस्ट्रेलिया/इंग्लैंड | 2024* |

# 39 रन के सबसे न्यूनतम स्कोर पर युगांडा आउट

### 134 रन से जीता वेस्टइंडीज 5 विकेट अकील ने झटके

**प्रोविडेंस।** बाएं हाथ के स्पिनर अकील हुसैन के पांच विकेट की मदद से वेस्टइंडीज ने टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के मैच में युगांडा को 134 रन से करारी शिकस्त दी। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 173 रन बनाए जिसके जवाब में युगांडा 12 ओवर में 39 रन बनाकर आउट हो गया। हुसैन ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 11 रन देकर 5 विकेट लिए। युगांडा ने पुरुष टी20 विश्व कप में न्यूनतम स्कोर की बराबरी की।



### चार्ल्स, रसेल का तूफान

*इससे पहले जॉनसन चार्ल्स (44) ने वेस्टइंडीज की तरफ से सर्वाधिक रन बनाए जबकि आंद्रे रसेल ने 30 रन की आक्रामक नाबाद पारी खेली। उनके अलावा निकोलस पूरन ने 22 रन, कप्तान रोवमैन पावेल ने 23 और शेरफन रदरफोर्ड ने 22 रन का योगदान दिया।*

### 3.574 पर पहुंचा नेट रन रेट

वेस्टइंडीज ने इस बड़ी जीत से अपना नेट रन रेट 3.574 पर पहुंचा दिया है जिससे उसे ग्रुप सी में शीर्ष पर जगह बनाने में मदद मिलेगी। वेस्टइंडीज के कप्तान पावेल ने मैच के बाद कहा, 'यहां से आगे का रास्ता कड़ा हो जाएगा लेकिन हम परिस्थितियों को अच्छी तरह से समझते हैं। हम प्रत्येक मैच में 10 से 15 प्रतिशत सुधार करने पर बात करते हैं। पहले मैच में हम अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे और इसलिए हम एक टीम के रूप में सुधार करना चाहते थे।'

## खबर संक्षेप



### होंडा टीम के मोहसिन 17वें स्थान पर रहे

**मोतेगी।** डा रेसिंग इंडिया टीम 'एफआईएम एशिया रोड रेसिंग चैंपियनशिप' में तीसरे चरण की 'रेस 2' से कोई अंक हासिल नहीं कर सकी। रविवार को यहां केविन समर क्विंटल बाइक इंजन की समस्या के कारण रेस पूरी नहीं कर सके, जबकि मोहसिन परम्बन एपी 250 वर्ग में 17वें स्थान पर रहे। ग्रिड में 18वें स्थान से रेस शुरू करने वाले केविन को इंजन की समस्या के कारण छठे लैप के दौरान रेस से हटना पड़ा।

### चेन्नईयन एफसी ने चुक्वू से अनुबंध किया

**चेन्नई।** चेन्नईयन एफसी ने अपने आक्रमण को मजबूत करने के लिए 2024-25 के फुटबॉल सत्र से पहले नाइजीरियाई स्ट्राइकर डेनियल चीमा चुक्वू से अनुबंध किया है। चीमा भारतीय फुटबॉल का जाना पहचाना नाम है। यह 33 वर्षीय खिलाड़ी इससे पहले इंडियन सुपर लीग में ईस्ट बंगाल और जमशेदपुर की तरफ से खेल चुका है। उन्होंने 2022 में जमशेदपुर को आईएसएल लीग शील्ड दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। चेन्नई की टीम ने चीमा के साथ 2 साल का अनुबंध किया है।

### आईपीएल से हटने का फैसला सही साबित हुआ

**ब्रिजटाउन।** ऑस्ट्रेलिया के स्पिनर एडम जंपा ने कहा कि आईपीएल 2024 से हटने का उनका फैसला सही रहा क्योंकि इससे उन्हें टी20 विश्व कप की तैयारी करने में मदद मिली और साथ ही उन्होंने अपने परिवार के साथ अच्छा समय बिताया। जंपा ने टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की इंग्लैंड पर 36 रन से जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जंपा ने कहा, 'निश्चित तौर पर विश्व कप को ध्यान में रखते हुए आईपीएल से हटने का मेरा फैसला सही रहा। मैं काफी थका हुआ महसूस कर रहा था तथा मैं पूरी तरह से फिट भी नहीं था।'



### न्यूयॉर्क की पिच पर बल्लेबाजी मुश्किल

**न्यूयॉर्क।** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्कराम ने नासाउ काउंटी की 'नई और धीमी' पिच पर बल्लेबाजी को मुश्किल करार देते हुए रविवार को कहा कि उनकी टीम को इस सतह पर रन बनाने की रणनीतियों पर फिर से विचार करना होगा। दक्षिण अफ्रीका ने इस मैदान पर अपने दो मैचों में संघर्षपूर्ण जीत दर्ज की है। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ 78 रन का लक्ष्य 16.2 ओवर में हासिल कर लिया और नीदरलैंड के खिलाफ 104 रन का लक्ष्य हासिल करने में उन्हें 18.5 ओवर लगे।



## टेनिस : पाओलिनी-इरानी की जोड़ी को 7-6, 6-3 से हराया

# गॉफ-सिनियाकोवा फ्रेंच ओपन चैंपियन

एजेंसी ⏭ पेरिस

कोको गॉफ ने रविवार को यहां फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में कैटरीना सिनियाकोवा के साथ मिलकर अपना पहला महिला युगल ग्रैंडस्लैम खिताब जीता। पिछले साल अमेरिकी ओपन का महिला एकल खिताब जीतने वाली 20 साल की अमेरिका की गॉफ और चेक गणराज्य की सिनियाकोवा ने जैस्मिन पाओलिनी और सारा इरानी की इटली की जोड़ी को सीधे सेट में 7-6, 6-3 से हराया।

गॉफ ने तीसरी बार ग्रैंडस्लैम महिला युगल के फाइनल में जगह बनाई। इससे पहले उन्हें 2022 में रोलां गैरो पर ही और 2021 में अमेरिकी ओपन में खिताबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था।




### तीसरी बार रही भाग्यशाली

'तीसरी बार में भाग्यशाली रही। मेरे साथ खेलने के लिए धन्यवाद कैटरीना। टूर्नामेंट से दो दिन पहले हमने एक साथ खेलने का फैसला किया। प्रशंसकों को भी धन्यवाद। मुझे पता है कि रविवार को सुबह साढ़े 11 बजे अधिकांश लोगों के लिए जल्दी होता है। मेरे लिए यह जल्दी है।'

-कोको गॉफ

### सिनियाकोवा का कॅरियर स्लैम

*सिनियाकोवा ने महिला युगल में अपनी जोड़ीदार बारबरा क्रेसिकोवा के साथ कॅरियर स्लैम (चारों ग्रैंडस्लैम जीतना) पूरा किया है। वह फ्रेंच ओपन में 2018 और 2021 की भी महिला युगल चैंपियन हैं। इरानी भी अपनी पूर्व जोड़ीदार रॉबर्टा विन्सी के साथ युगल में करियर स्लैम पूरा कर चुकी हैं। इस जोड़ी ने 2012 में फ्रेंच ओपन खिताब जीता था। उसी साल इरानी को एकल फाइनल में शिकस्त का सामना करना पड़ा था।*


### अरेवालो और पाविच की जोड़ी ने जीता पुरुष युगल खिताब

**पेरिस।** अल साल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो और क्रोएशिया के मैट पाविच ने इटली के सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावस्सोरी को सीधे सेटों में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीता। अरेवालो और पाविच ने शनिवार को खेले गए फाइनल में 7-5, 6-3 से जीत दर्ज की। पाविच ने इस तरह से चारों ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीतने का रिकॉर्ड भी बनाया। पाविच ने मैच के बाद कहा, 'यहां यह मेरा पहला खिताब है और इसलिए मैं बहुत खुश हूं। यह विशेष एहसास है क्योंकि मैं दो बार यहां फाइनल में हार गया था।' अरेवालो का यह पुरुष युगल में दूसरा खिताब है। उन्होंने 2022 में फ्रेंच ओपन में ही जीन जूलियन रोजर के साथ मिलकर पुरुष युगल का खिताब जीता था। अरेवालो ने कहा, 'मैं मैट का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा दिखाया। मेरा यहां यह दूसरा खिताब है और यह विशेष है।'




## अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप

# पूजा यूएफसी में जीत दर्ज करने वाली पहली भारतीय



एजेंसी ⏭ केंटकी

पूजा तोमर अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप में जीत दर्ज करने वाली भारत की पहली मिश्रित मार्शल आर्ट फाइटर बन गई है।

पहली बार इस तरह की प्रतियोगिता में भाग ले रही पूजा ने यूएफसी लुइसविले में शनिवार को स्ट्रॉवेट (52 किग्रा) मुकाबले में ब्राजील की रेयान डॉस सैंटोस पर 30-27, 27-30, 29-28 से विभाजित निर्णय से जीत हासिल की। पूजा ने मुकाबले के बाद कहा, 'यह केवल मेरी जीत नहीं है। यह भारत के सभी प्रशंसकों और भारतीय फाइटर की जीत है। इससे पहले सभी सोचा करते थे कि भारतीय फाइटर चुनौती पेश नहीं कर सकते हैं। मैं केवल जीत के बारे में सोच रही थी और मैंने दिखाया कि भारतीय फाइटर हारने वालों में शामिल नहीं हैं।' 'साइक्लोन' के नाम से मशहूर 30 वर्षीय पूजा ने पिछले साल अक्टूबर में यूएफसी के साथ अनुबंध किया था और इस तरह से वह मिश्रित मार्शल आर्ट्स की सबसे बड़ी प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली भारत की पहली महिला बन गईं।

### फ्लेमिंग बने भारतीय बास्केटबॉल कोच

**चेन्नई।** भारतीय बास्केटबॉल महासंघ ने रविवार को यहां अपनी वार्षिक आम बैठक के बाद स्कॉट फ्लेमिंग को फिर से पुरुष राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त करने की घोषणा की। फ्लेमिंग को बीएफआई ने राष्ट्रीय टीम के कोच के अलावा देश में कोचिंग बुनियादी ढांचे को बढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी है। फ्लेमिंग इससे पहले 2012 से 2015 तक भारतीय बास्केटबॉल टीम के मुख्य कोच रह चुके हैं। उन्होंने 'एनबीए इंडिया' के बास्केटबॉल संचालन के वरिष्ठ निदेशक के रूप में भी अपनी सेवाएं दी है।

## भारतीय महिला हॉकी टीम की प्रो लीग में लगातार आठवीं हार

एजेंसी ⏭ लंदन

भारतीय महिला हॉकी टीम रविवार को यहां एफआईएच प्रो लीग में कड़े मुकाबले में ग्रेट ब्रिटेन से 2-3 से हार गई जिससे टीम की हार का सिलसिला आठ मैचों तक पहुंच गया। इस तरह से भारत ने अपने प्रो लीग सत्र का अंत घरेलू टीम के खिलाफ दिल तोड़ने वाली हार के साथ किया।

मैच में अधिकतर समय तक अच्छा प्रदर्शन करने के बाद भारत को अंतिम लम्हों में ग्रेस बाल्डसन (56वें और 58वें मिनट) के दो गोल के कारण हार का सामना करना पड़ा। भारत के खिलाफ दो फैसले लिए गए जिसमें एक वीडियो रिव्यू भी शामिल है जिससे कोच हरेंद्र सिंह निराश हो गए।



### एफसी गोवा से जुड़े डिफेंडर आकाश

**मडगांव।** एफसी गोवा ने आगामी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल सत्र के लिए भारतीय डिफेंडर आकाश सांगवान को अपने साथ जोड़ा है। क्लब ने रविवार को इसकी घोषणा की। क्लब ने उनके अनुबंध की सही अवधि का खुलासा नहीं किया है लेकिन यह कई वर्ष का करार होगा। हरियाणा के 28 वर्षीय लेफ्ट बैक सांगवान ने 2017 में क्लब के साथ अपने सीनियर पेशेवर पदार्पण से पहले मिनर्वा पंजाब के साथ अपनी फुटबॉल यात्रा शुरू की। उन्होंने 2017-18 सत्र में टीम को आईलीग खिताब जीतने में मदद की। वह 2022 में दो बार के पूर्व आईएसएल चैंपियन चेन्नईयिन एफसी में शामिल होने से पहले चर्चिल ब्रदर्स और राउंडग्लास पंजाब के लिए खेल चुके हैं।

# संजीवनी 10 हजार मीटर दौड़ में रही शीर्ष पर

एजेंसी ⏭ पोर्टलैंड

एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता धाविका संजीवनी जाधव ने पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल हाई परफॉर्मेंस प्रतियोगिता में महिलाओं की 10,000 मीटर दौड़ 32 मिनट 22.77 सेकंड में पूरी करके पहला स्थान हासिल किया।

इस 27 वर्षीय धाविका ने इससे पहले भी पोर्टलैंड में अच्छा प्रदर्शन किया है। वह पिछले साल यहां दूसरे स्थान पर रही थी। इस स्पर्धा में भाग ले रही एक अन्य भारतीय सीमा 32 मिनट 55.91 सेकंड का समय लेकर पांचवें स्थान पर रही। राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों के पदक विजेता अविनाश साबले ने पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज में 8 मिनट 21.85 सेकंड का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में 8 मिनट 11.20 का समय लेकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए रजत पदक जीता था लेकिन यहां वह इस प्रदर्शन को नहीं दोहरा पाए।

महिला वर्ग में पिछले साल एशियाई खेलों में स्वर्ण (5000 मीटर) और रजत (3000 मीटर स्टीपलचेज) जीतने वाली पारुल चौधरी स्टीपलचेज में तीसरे स्थान पर रहीं। उन्होंने नौ मिनट 31.38 सेकंड का समय निकाला, जो पिछले साल बुडापेस्ट में बनाए गए उनके नौ मिनट 15.31 के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से लगभग 16 सेकंड अधिक था।




## बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबला आज रात 8 बजे

# विजय अभियान जारी रखने उतरेगा दक्षिण अफ्रीका

एजेंसी ⏭ न्यूयॉर्क

अपने पहले दो मैच में जीत दर्ज करके ग्रुप डी में शीर्ष पर काबिज दक्षिण अफ्रीका को अगर टी20 विश्व कप में अपना विजय अभियान जारी रखना है तो बांग्लादेश के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मैच में उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। दोनों टीम के लिए नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की अप्रत्याशित व्यवहार कर रही पिच से सामंजस्य से बिठाना आसान नहीं होगा।

दक्षिण अफ्रीका ने हालांकि अपने पहले दो मैच इसी मैदान पर खेले हैं इसलिए वह थोड़ा फायदे में रहेगा। बांग्लादेश ने भी भारत के खिलाफ यहां अभ्यास मैच खेला था। दक्षिण अफ्रीका ने भले ही नीदरलैंड और श्रीलंका पर जीत दर्ज की है लेकिन उसके बल्लेबाज इन दोनों मैच में छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए संघर्ष करते हुए नजर आए। दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने हालांकि अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है और इसलिए उसके गेंदबाजी आक्रमण में बदलाव की संभावना नहीं है जिसमें एनरिक नोर्किया, कैगिसो रबाडा, मार्को यानसन और ओटनील बार्टमेन जैसे तेज गेंदबाज और केशव महाराज जैसा अनुभवी स्पिनर शामिल है।

दक्षिण अफ्रीका के अभी दो मैच में चार अंक हैं और बांग्लादेश के खिलाफ जीत से सुपर 8 में जगह बनाने के लिए उसकी स्थिति मजबूत हो जाएगी। रिकॉर्ड भी दक्षिण अफ्रीका के पक्ष में है। उसने अभी तक टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बांग्लादेश से कोई मैच नहीं गंवाया है।




### बांग्लादेश ने किया है जीत से शुरुआत

*बांग्लादेश ने श्रीलंका को हराकर अपने अभियान की शुरुआत की थी जिससे उसका मनोबल बढ़ा होगा, लेकिन दक्षिण अफ्रीका की तरह उसके बल्लेबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। भारत के खिलाफ अभ्यास मैच और श्रीलंका के खिलाफ ग्रुप चरण के मैच में उसके बल्लेबाज संघर्ष करते हुए नजर आए थे। बांग्लादेश के मुख्य बल्लेबाजों में केवल लिटन दास ही कुछ रन बना पाए थे। बांग्लादेश को अगर दक्षिण अफ्रीका पर टी20 में अपनी पहली जीत दर्ज करनी है तो उसके बाकी बल्लेबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। ऑलराउंडर शाकिब अल हसन भी अभी तक बल्ले और गेंद दोनों से प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं जो बांग्लादेश के लिए चिंता का विषय होगा।*

# सौरभ ने विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में जीते दो स्वर्ण पदक

एजेंसी ⏭ हमीरपुर

भारतीय धावक सौरभ शर्मा ने स्विट्जरलैंड के नोट्टविल सिटी में आयोजित विश्व पैरा एथलीट ग्रां प्री में दो स्वर्ण पदक जीते। हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर के इस खिलाड़ी ने टी12 वर्ग में 155 मीटर और 5000 मीटर दौड़ में शीर्ष स्थान हासिल किया। वह इससे पहले राष्ट्रीय स्तर पर सात स्वर्ण पदक जीत चुके है।


रूप खायाह गांव के निवासी सौरभ के बड़े भाई विकास ने बताया, 'सौरभ ने छोटी उम्र से ही अपने खेल का सफर शुरू कर दिया था और आज उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व करने और देश के लिए पदक जीतने का अपना सपना भी पूरा कर लिया है।' सौरभ वर्तमान में देहरादून में राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान में अध्ययनरत हैं। शर्मा के बेहतरीन प्रदर्शन पर उनके कोच नरेश सिंह नयाल ने खुशी जताते हुए कहा कि सौरभ ने देहरादून में कड़ी मेहनत की है और अब नतीजे सबके सामने है।



# लालकृष्ण आडवाणी से मिलीं बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के तीसरे शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए राजधानी दिल्ली पहुंची बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और भारत रत्न लालकृष्ण आडवाणी से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। भारत ने शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए अपने सात पड़ोसी देशों के राष्ट्राध्यक्षों को न्योता भेजा था। इनमें से बांग्लादेश की प्रधानमंत्री पहली ऐसी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष हैं, जो कि 8 जून को सबसे पहले समारोह में शामिल होने के लिए नई दिल्ली पहुंची थीं। हवाई अड्डे पर विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया था। वर्तमान में दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंध काफी मजबूत हैं।



### 7 देशों के राष्ट्रप्रमुखों को निमंत्रण पत्र भेजा

गौरतलब है कि विदेश मंत्रालय ने बीते शनिवार को एक आधिकारिक बयान जारी बताया था कि इस बार मोदी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए कुल सात देशों के राष्ट्रप्रमुखों को निमंत्रण पत्र भेजा गया था। जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। इसमें बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड', मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जुगनुथ, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीक और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे शामिल हैं। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में राजग को कुल 294 सीटें मिली। जबकि विपक्षी इंडिया गठबंधन ने 234 सीटों पर जीत हासिल की।

### दिल्ली में पानी की समस्या पर मचा हाहाकार

## दिल्ली में जलसंकट को लेकर आतिशी ने हरियाणा के सीएम को लिखा पत्र

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह को एक बार फिर पत्र लिखकर कहा है कि यदि पड़ोसी राज्य दिल्ली के लिए अतिरिक्त पानी नहीं छोड़ता है तो राष्ट्रीय राजधानी को अगले एक-दो दिन में बड़े जल संकट का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने सीएम से दिल्ली में अतिरिक्त पानी छोड़ने की मांग की है। जल मंत्री ने कहा कि दिल्ली में सात वाटर ट्रीटमेंट प्लांट मुनक के पानी पर निर्भर हैं।



### आगामी दिनों में हो सकता है बड़ा जल संकट

उन्होंने बताया कि इतनी कम मात्रा में पानी मिलने से दिल्ली के सात जल शोधन संयंत्र यहां के लोगों के लिए प्रयाप्त मात्रा में जल शोधन करने में समर्थ नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यदि हरियाणा आज ही पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं छोड़ता है तो अगले एक-दो दिन में दिल्ली में बड़ा जल संकट होगा। आतिशी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री से दिल्ली के लिए मुंडक नहर में कम से 1050 क्यूसेक पानी छोड़ने का अनुरोध किया।

### फ्लो मीटरों की हुई जांच

मंत्री ने अपने पत्र में लिखा कि दिल्ली के बवाना में, जहां मुंडक नहर का पानी केंद्रशासित प्रदेश में प्रवेश करता है, इसकी मात्रा मापी गई थी। अपर यमुना रिवर बोर्ड के प्रतिनिधियों ने पिछले सप्ताह इन फ्लो मीटरों की जांच की थी। गर्मी के समय में भी बवाना में दिल्ली को मिलने वाले पानी की औसत मात्रा 980 से 1,030 क्यूसेक के बीच होती है। लेकिन इस बार इसकी मात्रा 840 क्यूसेक तक घट गई है।

### मुंबई एयरपोर्ट पर टला बड़ा हादसा

## एक ही रनवे पर दो विमान एक दूसरे से टकराने से बचे

डीजीसीए ने शुरू की जांच, एटीएस सस्पेंड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रविवार को एक बड़ा हादसा होने से बच गया। एयरपोर्ट पर एक ही रनवे पर एक ही समय पर दो विमान आ गए। रनवे पर इंडिगो का एयरक्राफ्ट लैंड कर रहा था, वहीं इसके ठीक आगे एअर इंडिया का प्लेन उड़ान भरने की तैयारी में था। हालांकि, दोनों एयरक्राफ्ट एक दूसरे से टकराने से बच गया।

रनवे पर इंडिगो की फ्लाइट लैंड कर रही थी, वहीं, इसके ठीक आगे एअर इंडिया का विमान भी उड़ान भरने की तैयारी में था। हालांकि, दोनों प्लेन एक दूसरे से टकराने से बच गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें एक फ्लाइट टेक-ऑफ करती और दूसरी लैंड होती हुई दिखाई दे रही है। इस मामले में नागरिक उड्डयन निदेशालय (डीजीसीए) ने सख्त रुख अपनाया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। एयर ट्रैफिक कंट्रोल के एक अधिकारी (एटीएस) को भी सस्पेंड कर दिया गया है। मुंबई से तिरुवनंतपुरम जाने वाला एअर इंडिया का विमान एआई 657 उड़ान भरने के लिए बिल्कुल तैयार था। इसी दौरान इंडिगो की फ्लाइट 5053 भी उसी रनवे पर लैंडिंग करते हुए नजर आई।



### मोदी के नाम दर्ज हैं ये अनोखे रिकॉर्ड

### प्रधानमंत्री की लगातार तीसरी बार ताजपोशी भी अपने आप में एक कीर्तिमान

## तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने वाले मोदी के नाम पहले से कई रिकॉर्ड



*26 मई 2014 को नरेंद्र मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। इसके साथ ही वह भारत की स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद पैदा होने वाले पहले प्रधानमंत्री बन गए थे। 2023 में अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित कर उन्होंने नेल्सन मंडेला की बराबरी कर ली थी।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आज देश में नई सरकार का गठन हो गया है। वाराणसी से सांसद चुने गए पीएम नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। पीएम मोदी की लगातार तीसरी बार ताजपोशी भी अपने आप में एक कीर्तिमान है। 1962 के बाद यह पहली बार होगा जब कोई नेता लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बना है।



### अमेरिकी संसद का संबोधन

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जून 2023 को अपने दौरे पर दूसरी बार अमेरिकी सदन को संबोधित किया था। इससे पहले वह 8 जून 2016 को भी अपने अमेरिका दौरे पर अमेरिकी सदन के संयुक्त सत्र को संबोधित कर चुके थे। जून 2023 में अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते ही उन्होंने महान नेता नेल्सन मंडेला की बराबरी कर ली थी।*

### जी-20 नेता रहने का रिकॉर्ड बनाएंगे

*एनडीए की लगातार तीसरी बार जीतने के साथ, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले पांच वर्षों तक रूस के व्लादिमीर पुतिन और चीन के शी जिनपिंग के बाद सबसे लंबे समय तक जी-20 नेता बने रहने वाले नेता बन जाएंगे। 6 जून 2024 तक, मोदी ने 26 मई 2014 को भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद से 3,664 दिन तक पद पर काम किया है। वह पहले से ही जी20 के तीसरे सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले नेता हैं।*

### स्वतंत्रता के बाद पैदा होने वाले पहले पीएम

*26 मई 2014 को नरेंद्र मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। इसके साथ ही वह भारत की स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद पैदा होने वाले पहले प्रधानमंत्री बन गए।*

### अयोध्या दौरों का रिकॉर्ड

पीएम नरेंद्र मोदी 5 अगस्त 2020 को 28 साल के अंतराल के बाद अयोध्या पहुंचे और एक दिन में एक साथ कई रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए थे। मोदी राम जन्मभूमि का दौरा करने वाले पहले प्रधानमंत्री हैं। यह पहला मौका है, जब किसी प्रधानमंत्री ने भगवान हनुमान का आशीर्वाद लेने के लिए हनुमान गढ़ी का दौरा किया। मोदी 1992 में अयोध्या आए थे और अयोध्या के जीआईसी मैदान में मुरली मनोहर जोशी के साथ एक सभा को संबोधित भी किया था। इसके बाद उन्होंने रामलला के दर्शन भी किए थे। मोदी तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष डॉ. मुरली मनोहर जोशी के नेतृत्व में 'तिरंगा यात्रा' के संयोजक थे, जो दिसंबर 1991 में शुरू हुई थी और 18 जनवरी 1992 को अयोध्या पहुंची थी।

### यूट्यूब पर दो करोड़ सब्सक्राइबर्स वाले पहले नेता

दिसंबर 2023 में नरेंद्र मोदी यूट्यूब पर दो करोड़ सब्सक्राइबर्स पाने वाले पहले वैश्विक नेता बन गए। यूट्यूब पर सब्सक्राइबर्स और व्यूज के मामले में पीएम मोदी ने दुनिया के अपने तमाम प्रतिद्वंदी नेताओं को काफी पीछे छोड़ा था। उस वक्त पीएम मोदी के यूट्यूब चैनल पर कुल 450 करोड़ व्यूज थे। उस वक्त पीएम मोदी के बाद दूसरे नंबर पर ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोलसोनारो थे जिनके चैनल पर 64 लाख सब्सक्राइबर्स थे।

### राजीव गांधी, अटल बिहारी वाजपेयी से आगे निकले

इस मामले में पीएम मोदी अपने पूर्ववर्ती राजीव गांधी और अटल बिहारी वाजपेयी के साथ ही मनमोहन सिंह और पीवी नरसिम्हा राव से अपने आगामी अमेरिका दौरे में आगे निकल गए।

### योग सत्र ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

*जून 2023 में संयुक्त राष्ट्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में योग सत्र ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था।*

### फिलिस्तीन और इजराइल की यात्राएं

फरवरी 2018 में नरेंद्र मोदी ने फिलिस्तीन की यात्रा करके एक और रिकॉर्ड बनाया था। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा पहली बार यात्रा थी। इससे पहले 2017 में इजराइल की यात्रा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बन गए थे।

## बांग्लादेशी सांसद हत्या मामला: नेपाल से धराए मुख्य संदिग्ध से पूछताछ जारी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या के मामले में मुख्य संदिग्ध मोहम्मद सियाम हुसैन से रविवार को पूछताछ शुरू कर दी है। मोहम्मद सियाम हुसैन को हाल ही में नेपाल पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद भारत को प्रत्यर्पित किया गया था। मामले में जानकारी के अनुसार बांग्लादेशी नेता के शरीर के अंगों और अपराध को अंजाम देने के लिए इस्तेमाल किए गए हथियारों का पता लगाने में सीआईडी की सहायता के लिए हुसैन से पूछताछ की गई। हुसैन को कोलकाता के पास न्यू टाउन इलाके के उस फ्लैट में भी ले जाया गया। जहां अनार को आखिरी बार 12 मई को देखा गया था।

## उड़ान भरते ही विमान में लगी आग ,पायलट की सूझबूझ से बची 402 लोगों की जान

बड़ा हादसा टला, जांच जारी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के लॉस एंजेलिस में एक बड़ी घटना होते-होते बच गई। पेरिस जा रहे एयर कनाडा के एक विमान में उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही आग लग गई। जैसे ही चालक दल को आग का पता लगा तो आनन-फानन में इमरजेंसी लैंडिंग कराई। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। बता दें, विमान में 389 यात्री और 13 क्रू मेंबर मौजूद थे। चालक दल की सतर्कता की वजह से एक बड़ी घटना को टाला जा सका। विमान बिना किसी नुकसान या हताहत के हवाईअड्डे पर वापस लौट आया।




### कैसे हुई घटना?

बोइंग 777 वाइड-बॉडी विमान ने रात 12:17 बजे (टोरंटो समयानुसार) उड़ान भरनी शुरू की। उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद देर रात 12 बजकर 39 मिनट विमान ने उड़ान भरना शुरू ही किया था कि हवाई यातायात नियंत्रक (एटीसी) ने विमान के दाहिने इंजन से चिंगारी निकलती देखी और तुरंत चालक दल के सदस्यों को इसकी जानकारी दी। वहीं, लोगों ने इंजन से आग की चिंगारी निकलते हुए वीडियो बना लिया।

### पहले भी सामने आ चुकी है ऐसी घटना

इंजन में खराबी का कारण पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। प्रभावित यात्रियों को दूसरी फ्लाइट में भेजने का इंतजाम किया गया। विमान की जांच की जाएगी और फिलहाल इसे सेवा से हटा दिया गया है। गौर करने वाली बात यह है कि पिछले दो हफ्तों में यह दूसरी घटना है, जहां एयर कनाडा के विमान को इंजन की समस्या के कारण वापस लौटना पड़ा है।

### हूती विद्रोहियों के मिसाइल हमले से जलयान में लगी आग

## अदन की खाड़ी में फिर हुआ व्यापारिक जहाज पर हमला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्रिटिश सुरक्षा फर्म एंब्रे ने रविवार को दावा किया है कि अदन की खाड़ी में एक व्यापारिक जहाज पर मिसाइल से हमला हुआ है। हमले के चलते जहाज में आग लग गई। हमला यमन से हुआ और इसके पीछे हूती विद्रोहियों का हाथ होने की आशंका जताई जा रही है।

*अदन की खाड़ी में एक व्यापारिक जहाज पर मिसाइल से हमला हुआ है। हमले के चलते जलयान में आग लग गई।*



### व्यापारिक जहाजों को बना रहे निशाना

जहाज के कप्तान ने घटना के बारे में सूचित किया कि जहाज पर यमन के नजदीक अदन की खाड़ी में दक्षिण पूर्व में 80 नॉटिकल मील की दूरी पर हमला हुआ। हूती विद्रोही बीते कई महीनों से लाल सागर, अदन की खाड़ी और अरब सागर में व्यापारिक जहाजों को निशाना बना रहे हैं। इजराइल द्वारा गाजा में हमले के खिलाफ और फलस्तीनी लोगों के समर्थन में हूती विद्रोही इन हमलों को अंजाम दे रहे हैं। सुरक्षा फर्म एंब्रे का कहना है कि जहाज के अगले हिस्से पर मिसाइल का हमला हुआ, जिसके बाद जहाज में आग लग गई। हालांकि जहाज के क्रू ने ही आग पर काबू पा लिया। जहाज पर दो मिसाइलों से हमला किया गया, लेकिन दूसरी मिसाइल जहाज से नहीं टकराई। हमले में किसी के हताहत होने और बड़े नुकसान की खबर नहीं है।

### लंबे समय से हूती विद्रोही जहाजों पर कर रहे हमले

हूती विद्रोहियों ने यमन में संयुक्त राष्ट्र के नौ कर्मियों का अपहरण कर लिया था। बंदी बनाए गए सभी कर्मी यमन मूल के ही है। हूती विद्रोहियों के खिलाफ अमेरिका और ब्रिटेन ने संयुक्त अभियान भी चलाया था और यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर हमले किए थे। हूती विद्रोही अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट से गुजरने वाले व्यापारिक जहाजों को निशाना बना रहे हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109